11- MAR- BSP- P-1_Layout 1 3/11/2025 1:30 PM Page 1

तापमान

अधिकतम 37.1 डिग्री

न्यूनतम 19.8 डिग्री

हरिभूमि

बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, बुधवार 12 मार्च 2025

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया

नेहरू चौक स्थित लाखों रूपए का आरओ प्लांट महीनों से बंद पड़ा हुआ है।

खबर संक्षेप

सतत विकास लक्ष्य कार्यशाला शुभारंभ आज

बिलासपुर। सतत विकास लक्ष्य के तहत संभाग के सभी जिलों के अधिकारियों के क्षमता, विकास, उन्मुखीकरण व प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 12 मार्च को प्रार्थना सभा भवन में किया जा रहा है। कार्यक्रम सुबह 11.30 बजे से प्रारंभ होगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ संभागीय कमिश्नर महादेव कावरे करेंगे। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल ने सभी जिलों के अधिकारियों को प्रशिक्षण में उपस्थित होने कहा है। कार्यक्रम में राज्य नीति आयोग की टीम प्रस्तुतीकरण व प्रशिक्षण देगी।

जिला पंचायत का प्रथम सम्मिलन स्थगित

बिलासपुर। जिला पंचायत के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का प्रथम विशेष सम्मिलन पहले 12 मार्च को निर्धारित की गई थी। इस दिन नवनिर्वाचित जिला पंचायत प्रतिनिधियों का पदभार ग्रहण भी होना था। लेकिन अपरिहार्य कारणों से जिला पंचायत के प्रथम सम्मिलन को स्थगित कर दिया गया है। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव तहत जिला पंचायत के 17 निर्वाचन क्षेत्रों से नवनिर्वाचित प्रतिनिधि निर्वाचित होकर आए हैं। 8 मार्च को जिला पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव भी हो गया है। इसके बाद जिला पंचायत के नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों के प्रथम विशेष सम्मिलन एवं पदभार ग्रहण के लिए 12 मार्च की तिथि निर्धारित की गई थी। लेकिन अपरिहार्य कारणों से 12 मार्च को प्रथम विशेष सम्मिलन की तिथि को स्थगित कर दी गई है और अभी संशोधित नई तिथि घोषित नहीं की गई है।

सीयूईटी यूजी के लिए रजिस्ट्रेशन विंडो ओपन

बिलासपुर। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी एनटीए ने सीयूईटी यूजी के लिए रजिस्ट्रेशन विंडो ओपन कर दी है। जो कैंडिडेट्स अंडरग्रेजुएट कोर्सेज में एडमिशन के लिए परीक्षा में शामिल होना चाहते हैं, वे ऑफिशियल वेबसाइट cut.nta.nic.in पर विजिट कर अपना आवेदन दर्ज कर सकते हैं। इस साल सीयूईटी यूजी परीक्षा 13 भाषाओं में होगी। इसमें अंग्रेजी, हिंदी, असमिया, बंगाली, गुजराती, कन्नड़, मलयालम, मराठी, उड़िया, पंजाबी, तमिल, तेलुगु और उर्दू शामिल हैं।

सीबीएसई 10 की परीक्षा साल में दो बार होगी

बिलासपुर। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) 10 वीं की बोर्ड परीक्षा 2026 से साल में दो बार कराएगा। बोर्ड ने मंगलवार को इससे जुड़े ड्राफ्ट को मंजूरी दे दी। पहली परीक्षा 17 फरवरी से 6 मार्च तक, दूसरी 5 से 20 मई तक होगी। इस फैसले का फायदा 26 लाख से ज्यादा बच्चों को मिलेगा। 2025 के एग्जाम में 24 लाख से ज्यादा बच्चे बैठ रहे हैं।

रांची की कंपनी ने 5 सालों से सर्वे ही नहीं किया, 12 हजार से अधिक आईडी ब्लाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर में टैक्स वसूली का जिम्मा संभालने वाली रांची की ठेका कंपनी स्पायरोकेयर ने 5 सालों तक शहर में सर्वे ही नहीं किया। इसलिए 2019 में जिन 60 हजार आवासीय और कमर्शियल मकानों से टैक्स मिल रहा था 2024 में भी वही हालत रही। पांच सालों तक टैक्स में एक रुपए की भी बढ़ोत्तरी नहीं हुई। निगम ने अब नए सिरे से नई कंपनी एंटिट साल्यूशन से सर्वे कराया तो 36 हजार नए संपत्तियों की जानकारी मिली है, जिनसे टैक्स वसूली होगी। इन पांच सालों में स्पायरोकेयर ने जमकर गड़बड़ी की। हाल यह है कि 10 हजार से अधिक मकानों का डाटा ही निगम को ना तो आनलाइन और न ही आफ लाइन ही मिल रहा है। दूसरी ओर गड़बड़ियों के मामले में करीब 12 हजार आईडी को निगम ने ब्लाक कर दिया है।

दरअसल शहर और आउटर के वार्डों को मिलाकर 1 लाख 27 हजार 189 करदाता हैं, जिनसे निगम टैक्स वसूलता है। इनमें 10 से 15 प्रतिशत करदाता ऐसे हैं, जो पिछले 15 साल से निगम को टैक्स ही नहीं दे रहे। शहर की बात करें तो 59 हजार 180 और आउटर में 68 हजार 9 करदाता हैं। रांची की कंपनी स्पायरोकेर का ठेका समाप्त करने के बाद अब निगम ने टैक्स वसूली का जिम्मा खुद उठाया है, लेकिन 10 हजार मकानों का डेटा गायब होने से निगम के राजस्व कर्मचारियों की मुश्किलें बढ़ गई हैं।

30 हजार मकानों से नहीं मिल रहा था टैक्स

खास खबर

- निगम ने स्पायरोकेयर के जाने के बाद नए सिरे से किया सर्वे, अब टैक्स वसूली तेज
- निगम कर्मियों को 10 हजार डाटा ना तो आनलाइन और न ही आफलाइन ही मिल रहा

सालों से टैक्स नहीं पटाने वालों की लंबी लिस्ट

दूसरी ओर शहर में कई ऐसे लोग हैं, जिन्होंने वर्षों से संपत्ति कर नहीं पटाया है। इनकी सूची काफी लंबी है, जिन्हें नोटिस दिया जा रहा। कुछ तो ऐसे बड़े बकायादार हैं, जिनका लगभग 65 लाख रुपए तक बकाया है। जबकि, कुछ ऐसे हैं जिन्होंने 2013 से टैक्स का भुगतान नहीं किया है। निगम द्वारा संपत्तिकर नहीं पटाने वालों को नोटिस जारी किया गया है। इनमें दस ऐसे बड़े बकायादार हैं जिन्होंने कई सालों से कर नहीं पटाया है। निगम इन्हें हर साल नोटिस दे रहा है पर कार्रवाई नहीं हो रही है। ज्ञात हो कि पिछले साल ठेका कंपनी स्पायरोकेयर को 54.39 करोड़ के टैक्स वसूली का डिमांड मिला था, लेकिन स्पायरो की टीम 361 दिन में सिर्फ 32 हजार घरों से केवल 30.50 करोड़ ही वसूल सकी थी।

सर्वे में मिले हैं नए करदाता

सभी जोन और राजस्व अधिकारी को प्रतिदिन वसूली करने के निर्देश दिए गए हैं। लंबे समय से टैक्स नहीं देने वाले बकायादारों के द्वारा टैक्स जमा नहीं करने पर कार्रवाई करने को भी कहा गया है। जिन मकानों का डाटा नहीं है उनका वेरिफिकेशन करते हुए उसे तैयार किया जा रहा है, ताकि टैक्स वसूली में कोई दिक्कत न हो। सर्वे में नए करदाता भी मिले हैं।

- खंजाची कुम्हार
अपर आयुक्त, नगर निगम

69 प्रतिशत से ज्यादा वसूली कभी नहीं

निगम ने स्पायरोकेयर के जाने के बाद फिर से संपत्तियों का सर्वे कराया। इसमें शहरी क्षेत्र में ही 30 हजार से अधिक नए करदाता मिले हैं जिनसे वसूली होगी। गौरतलब है कि निगम के रिकॉर्ड में शहर और आउटर के वार्डों में 1.27 लाख मकान और दुकान हैं तो जीआईएस सर्वे के अनुसार शहर में करीब ढाई लाख मकान और दुकान हैं। निगम का भी मानना है कि ठेका कंपनी स्पायरोकेयर ने रिकॉर्ड अपडेट नहीं किया है, इसके चलते ये परेशानियां आ रही हैं, जो मकान नए बने हैं, उसे भी टैक्स वसूली के रिकॉर्ड में दर्ज नहीं किया गया है। फिलहाल डिमांड रजिस्टर में उन्हीं करदाताओं के नाम दर्ज हैं, जो टैक्स पटा रहे हैं। ज्ञात हो कि टेंडर के अनुसार स्पायरोकेयर को 90 प्रतिशत से अधिक टैक्स वसूल करनी थी, लेकिन एक बार भी कंपनी 69 प्रतिशत से ज्यादा टैक्स नहीं वसूल सकी। इसके चलते निगम को आर्थिक नुकसान हुआ।

तीन महीने में 13052 करदाताओं से वसूली

इस वित्तीय वर्ष में निगम ने 105 करोड़ रुपए टैक्स वसूली का लक्ष्य रखा है, लेकिन करदाताओं के पास डिमांड नोट ही नहीं है। करदाताओं को यह नहीं पता कि उन्हें कितना टैक्स जमा करना है। लोगों का कहना है कि जोन कार्यालयों से हर साल डोर-टू-डोर डिमांड नोट जारी होना चाहिए। दूसरी ओर निगम का दावा है कि अब तक सालों से संपत्ति समेत अन्य टैक्स नहीं पटाने वाले बड़े बकायादार भी अपना टैक्स जमा कर रहे हैं। अब तक 60 करोड़ रुपए से अधिक की वसूली हो चुकी है। अब निगम के सामने अगले 20 दिनों में 55 करोड़ की वसूली की चुनौती है। निगम का दावा है कि 90 प्रतिशत से अधिक की वसूली कर ली जाएगी।

अकेले बिलासपुर में ही 230 से अधिक मकान और फ्लैट नहीं बिके

संभाग में 654 फ्लैट और स्वतंत्र आवास खाली पड़े, करोड़ों फंसे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल बिलासपुर सहित प्रदेशभर में मकान और दुकानें तो बना रहा है, लेकिन उन्हें बेचना मुश्किल हो रहा है। अकेले बिलासपुर में ही 230 से अधिक मकान और फ्लैट नहीं बिके हैं। कुल मिलाकर बिलासपुर डिविजन में करोड़ों रुपए के फ्लैट और स्वतंत्र आवास फंस गए हैं। 10 लाख से 45 लाख तक के साढ़े 6 सौ से अधिक मकान खाली पड़े हैं। मकान और फ्लैट नहीं बिकने के बाद हाउसिंग बोर्ड द्वारा उपभोक्ताओं को 10 वर्ष पुरानी कीमतों में मकान और दुकान बेचने का फैसला लिया गया। इसमें प्रदेशभर में वन टाइम सेटलमेंट योजना के तहत 10 से 30 प्रतिशत की छूट दी जा रही है, जिससे खरीदारों को 10 लाख रुपए तक की छूट मिल रही है। इसके बाद भी लोगों ने रुचि नहीं ली है। हाल यह है कि हाउसिंग बोर्ड ने बोदरी में 473 मकानों को बनाने की नई योजना लांच की थी। इसमें भी लेकिन लोगों ने रुचि नहीं दिखाई और सिर्फ 76 बुकिंग ही हो सकी है। अब पहले चरण में इतने ही मकानों को बनाने का फैसला लिया गया है, ताकि पैसे की बरबादी नहीं हो और बुकिंग-शिफ्टिंग से पहले मकान कंडम न हो जाए। यहां का टेंडर भी तीन बार निरस्त हो चुका है। अब चौथी बार में टेंडर फाइनल करते हुए बड़ी मुश्किल से काम शुरू हो सका है। इसके साथ ही जल्द ही कोनी-बिरकोना मार्ग पर बनने वाली कॉलोनी का काम शुरू करने की बात कही जा रही है, लेकिन यहां भी बुकिंग को लेकर संदेह है। दूसरी ओर तिफरा बस स्टैंड में बने अभिलाषा परिसर में रो हाउस तो फिर भी काफी हद तक बिक गए हैं लेकिन फ्लैट और अपार्टमेंट खाली हैं। चिल्हाटी में भी 50 के करीब मकान खाली पड़े हैं और कंडम हो रहे हैं।

- बोदरी में 473 मकानों के नए प्रोजेक्ट में सिर्फ 76 की ही बुकिंग हो सकी

बोदरी में 19 लाख से 52 लाख तक के मकान

बिलासपुर जिले की बात करें तो लगातार बढ़ती कीमतों के कारण लोग हाउसिंग बोर्ड के माकन खरीदने से कतरा रहे हैं। बोदरी में जहां नया प्रोजेक्ट लांच किया गया है, उसी की बात करें तो मकानों की कीमत 19 लाख से लेकर 52 लाख रुपए तक है। इसमें एलआईजी, एमआईजी और एचआईजी के मकान शामिल हैं। यहां कुल 473 मकान बनाए जाने हैं लेकिन 76 लोगों ने ही बुकिंग की है। कम बुकिंग को देखते हुए अधिकारियों ने पहले चरण में बुकिंग के हिसाब से ही घर बनाने का फैसला लिया है। अधिकारियों के अनुसार जैसे जैसे बुकिंग होती जाएगी घर बनते जाएंगे। ध्यान रहे कि हाउसिंग बोर्ड ने अपनी नई कॉलोनी को दाधापारा रेलवे स्टेशन और इंडस्ट्रियल क्षेत्र सिरगिट्टी के पास बनाने का निर्णय लिया है। लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए सरकारी सब्सिडी भी दी जा रही है।

सबसे बड़ी कमजोरी लोकेशन और क्वालिटी

देखा जाए तो हाउसिंग बोर्ड की सबसे बड़ी कमजोरी लोकेशन और क्वालिटी है। आज लोग थोड़ा-सा अधिक पैसा लगाकर अच्छे लोकेशन में क्वालिटी हाउसिंग लेना चाहते हैं। यही वजह है कि प्राइवेट सेक्टर में हाउसिंग में तेजी है। भले ही हाउसिंग बोर्ड का दावा बेहतर गुणवत्ता वाले मकानों का है, लेकिन अक्सर शिकायतें मिलती रहती हैं। मकानों की कीमत भी प्राइवेट सेक्टर के लगभग बराबर ही है। हाउसिंग बोर्ड का एक प्रोजेक्ट चिल्हाटी में आया उस समय वह क्षेत्र डेवलप ही नहीं था। आज भी वहां सुविधाओं का अभाव है और शहर से दूर माना जाता है। बहतराई- खमतराई में बनी कालोनियां अभी तक पूरी तरह आबाद नहीं हो सकी है। हाउसिंग बोर्ड की सबसे अच्छी कालोनी मंगला को माना जाता है। परसदा और सकरी में बनी कालोनियों में भी मकान खाली पड़े हैं।

मकान और दुकान बेचकर होगा फंड जेनरेट

दरअसल हाउसिंग बोर्ड की कालोनियों में जहां अपार्टमेंट या फ्लैट बने हैं वहां बुकिंग और खरीदी की अधिक समस्या है। यहां मकानों की लागत प्रथम, द्वितीय व तृतीय मंजिल के आधार पर नीचे से ऊपरी फ्लोर की ओर बढ़ते क्रम पर निर्धारित की गई है। इसके चलते उपर के मकानों को लेने वाले नहीं मिल रहे हैं। कुल मिलाकर बिलासपुर डिविजन में 10 लाख से 45 लाख तक के 700 से अधिक मकान खाली पड़े हैं। मकान नहीं बिकने के कारण बिलासपुर डिविजन में कर्मचारियों को वेतन भुगतान का संकट भी कुछ महीने पहले पैदा हो गया था। मुख्यालय से कोई फंड नहीं भेजा जा रहा था और साफ कह दिया गया था कि मकान और दुकान बेचकर फंड जेनरेट किया जाए।

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल में सैकड़ों मकान ऐसे भी हैं जो बिक तो गए हैं, लेकिन आबाद नहीं हुए हैं। इन मकानों में ताले लटक रहे हैं। परसदा, सकरी, बहतराई, खमतराई में भी बने हाउसिंग बोर्ड के मकान खाली पड़े हैं। इन मकानों को खरीदने के बाद मकान मालिक जाने को तैयार नहीं है। वहीं लोकशन का सही चयन नहीं होने के कारण इन मकानों में रहने के लिए किराएदार नहीं मिल रहे हैं। हालांकि अभियान चलाकर हाउसिंग बोर्ड मकानों को सेल कर रहा है। सेल बढ़ाने के लिए मकानों की स्थिति और लोकेशन आनलाइन कर दिया गया है। मकानों का रेट फिक्स किया गया है। वहीं हाउसिंग बोर्ड के अधिकारियों का कहना है कि जो मकान नहीं बिकेंगे, उनका इस्तेमाल रेंटल हाउसिंग के रूप में किया जाएगा।

लांच की गई नई योजना

हाउसिंग बोर्ड ने बोदरी में 473 मकान बनाने की नई योजना लांच की है। इसमें 76 लोगों ने बुकिंग की है और इन मकानों का निर्माण जारी है। बिलासपुर रीजन में हाउसिंग बोर्ड के मकान अधिक खाली नहीं हैं। अभिलाषा परिसर में कुछ फ्लैट खाली है तो चिल्हाटी में कुछ मकानों की बुकिंग नहीं हो सकी है। कुछ और मकान जरूर खाली हैं, लेकिन इसका यह अर्थ नहीं है कि वे उपयोगहीन हैं।

- एमडी पनारिया, उपायुक्त, हाउसिंग बोर्ड

800 पुलिस अधिकारी जवानों की लगी ड्यूटी

होली की आड़ में हुड़दंग मचाने वालों की खैर नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

होली आड़ में हुड़दंग मचाने वालों की खैर नहीं होगी, जेल में होली मनाना पड़ सकता है। पुलिस प्रशासन ने तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था की तैयारी पूरी कर ली है। जिले में सुरक्षा व्यवस्था में 800 पुलिस अधिकारी व जवानों की ड्यूटी लगाई है।

- 87 पेट्रोलिंग पार्टी फेरा लगाकर हुड़दंगियों पर रखेंगे नजर

पूर्व में चाकूबाजी वारदात करने वालों की कुंडली बनाई जा रही है।

नगर निगम व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में हुए विवाद को ध्यान में रखकर पुलिस प्रशासन ने होली पर्व में सुरक्षा व्यवस्था पूरी कर ली है। जिले की आमजनता शांतिपूर्ण होली पर्व मना सके इसके लिए सुरक्षा व्यवस्था में 800 पुलिस अधिकारी व जवानों की नामजत जिले में ड्यूटी लगाई है। इसी तरह 87 पेट्रोलिंग पार्टी बनाई गई है, जो लगातार अपने क्षेत्रों में पेट्रोलिंग कर हुड़दंग मचाने वालों पर नजर रखेगी। 13 मार्च की शाम से पुलिस अधिकारी व जवानों अपने ड्यूटी में तैनात हो जाएगें, जो 14 मार्च की होली की रात तक ड्यूटी करेंगे। जिन मोहल्लों में चार पहिया वाहन नहीं जा सकते, उन इलाकों के लिए पेट्रोलिंग पार्टी बनाई गई जो गली मोहल्लों में जाकर गश्त करेंगे।

शांति समिति की ली गई बैक

जिले के सभी थानेदारों द्वारा अपने अपने क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिकों की बैठक लेकर शांतिपूर्ण तरीके से होली पर्व मनाने व बदमाशी होने पर तत्काल संबंधित पुलिस को सूचना देने को कहा जा रहा है। इसके अलावा थानेदार संवेदनशील इलाकों में जाकर लोगों के साथ बैठक कर रहे हैं।

शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों पर कार्रवाई

13 मार्च की शाम से शहर के चौक चौराहों पर पुलिस अधिकारी व जवान तैनात हो जाएगें। इस दौरान शराब पीकर व मुखौटा लगाकर गाड़ी चलाने वालों पर सख्ती बरतते हुए कार्रवाई कर वाहन जब्त किया जाएगा। उसके बाद उन्हें कोर्ट से जुर्माना पटाने के बाद वाहन छुड़ाना होगा।

चाकूबाजों की बनी कुंडली

पूर्व में चाकूबाजी के मामले में पकड़े गए बदमाशों की थाना स्तर पर कुंडली बना ली गई है। लगातार थाने स्तर पर चाकूबाजी करने वालों की धरपकड़कर चाकू, धारदार हथियार मिलने पर आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज कर जेल भेजा जा रहा है। पुलिस ऐसे बदमाशों की धरपकड़ में लगी हुई है।

चलाई जा रही सरप्राइज चेकिंग

जिले में शांतिपूर्ण होली पर्व मनाने से पहले ही पुलिस प्रशासन ने कमर कसते हुए सरप्राइज चेकिंग शुरू कर दिया है। प्रतिदिन शाम को राजपत्रित अधिकारी, थानेदार स्टाप के साथ अपने-अपने क्षेत्र में पैदल मार्च कर रहे हैं। इस दौरान संदिग्ध लोगों की जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

800 पुलिसकर्मी रहेंगे तैनात

जिले में आमजनता शांतीपूर्ण होली पर्व मनाए इसके लिए 800 पुलिस अधिकारी व जवानों की ड्यूटी लगाई है। 87 पेट्रोलिंग पार्टी बनाई गई है, जो लगातार गश्त करेंगी। शराब पीकर व मुखौटा लगाकर वाहन चलाने पर वाहन जब्त किया जाएगा। पूर्व में चाकूबाजी करने वालों पर सख्ती से कार्रवाई करने का आदेश दिया गया है।

- रजनेश सिंह, एसपी

माइक्रोबायोलॉजी विभाग ने 54 फंगस पर किया रिसर्च

इंम्यूनिटी कमजोर करने वाले ट्राइकोस्पोरोन फंगस पर हो रहा शोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिम्स के माइक्रोबायोलॉजी विभाग द्वारा ट्राइकोस्पोरोन फंगस पर शोध किया जा रहा है, शोध के द्वारा मरीजों के उपचार और दवा के प्रयोग की दिशा में महत्वपूर्ण काम किया जा रहा है। खास बात यह है कि पिछले 4 साल से मरीजों के खून पेशाब की जांच के दौरान लिए गए नमूनों के विस्तृत डाटा के आधार पर इस फंगस पर शोध कार्य किए जा रहे हैं। जिसके परिणाम भी सकारात्मक मिल चुके हैं।

- वृहद स्तर पर मरीजों के खून, पेशाब से लिए गए है सैंपल

माइक्रोबायोलॉजी विभाग द्वारा विभिन्न क्लीनिकल नमूनों की जाँच में ट्राइकोस्पोरोन फंगस पाया जा रहा है, दरअसल यह फंगस इम्यून सिस्टम कमजोर करता है और कैंसर के मरीज, अंग प्रत्योरोपण, एचआईवी पाजिटीव मरीजों में खून और पेशाब सैंपलों में मिल रहा है। डाक्टरों के अनुसार लंबे समय से एंटीबॉयोटिक दवा का उपयोग करने वाले मरीजों में भी इस फंगस के कारण बीमारी बढ़ने की आशंका रहती है, इसका संक्रमण अत्यंत ही दुर्लभ है। सही समय पर उपचार नहीं होने पर मरीजों का जान का खतरा भी बना रहता है। डॉ. रमणेश मूर्ति ने बताया कि इस शोध से मरीजों के उपचार और दवाओं के द्वारा होने वाले प्रभाव का अध्ययन किया जा रहा है जो मेडिकल स्टूडेंट के साथ ही अन्य विश्वविद्यालय के स्टूडेंट के लिए सहायक सिद्ध होगा।

अपनी तरह का पहला रिसर्च

खास बात यह है कि डीन डॉ. रमणेश मूर्ति के आने के बाद माइक्रोबायोलॉजी में कई शोध चरण दर चरण किए जा रहे हैं। डारेक्टर ऑफ प्रोफेसर के तौर पर सीनियर माइक्रोबायोलॉजिस्ट डॉ. रमणेश मूर्ति के मार्गदर्शन में यह शोध कार्य प्रोफेसर व एचओडी डॉ. रेखा बारापात्रे, सह प्राध्यापक डॉ. सागरिका प्रधान द्वारा किया जा रहा है। आने वाले दिनों में ट्राइकोस्पोरोन की जाँच हेतु आटोमेटेड एवं मालिक्यूलर जाँच की जाएगी। इस वर्तमान में प्रस्तावित है। प्रदेश में ट्राइकोस्पोरोन फंगस संक्रमण पर किया जाने वाला अपनी तरह का पहला शोध कार्य है।

सिम्स में रिसर्च उपचार में मिलेगी बड़ी सफलता

लक्षणों से होती है पहचान

संक्रमण के लक्षण व्यक्ति की स्थिति पर निर्भर करते हैं। कुछ सामान्य लक्षणों में बुखार, कमजोरी, सांस लेने में कठिनाई, रक्तद्रव्य संक्रमण और त्वचा पर घाव होना शामिल है। यह संक्रमण आंतरिक अंगों जैसे कि लीवर, किडनी और हृदय तक फैल सकता है।

4 सालों में 57 प्रजाति के फंगस मिले

शोध कार्य 2020 से 2024 तक विगत चार वर्षों में किया गया। इस दौरान सिम्स के डाक्टरों को 57 ट्राइकोस्पोरोन प्रजाति के फंगस कल्चर जाँच में मिल चुके हैं। इस शोध में रक्त, पेशाब, मवाद, बॉडी फ्लूड इत्यादि शामिल हैं, जाँच में ट्राइकोस्पोरोन एसआई (49) ट्राइकोस्पोरोन म्यूकोइड्स (6) एवं अन्य (1) में पाये गये हैं। इस फंगस की पहचान के लिए एंटीफंगल सेंप्टिबिलिटी टेस्टिंग सिम्स के माइक्रोबायोलॉजी लैब में की जा रही है।

तेरहवीं

नैनं छिन्दतिन्त शस्त्राणि नैनं दहति पावकः। न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः ।।

स्व. श्री रामगोपाल मिश्रा

अत्यन्त दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे पिता श्री रामगोपाल मिश्रा का बैकुण्ठवास महाशिवरात्रि दिनांक 26.02.2025, बुधवार को हो गया है, दिवंगत आत्मा की शांति हेतु ब्रह्मभोज तथा त्रयोदशाह (तेरहवी) संस्कार दिनांक 12.03.2025 दिन बुधवार को दोपहर 2 बजे रखा गया है।

उक्त कार्यक्रम में पधारकर ब्रम्हलीन आत्मा को शांति प्रदान कर हमें अनुगृहित करें

-:शोकाकुल:-
रामप्रताप मिश्रा, ब्रजकिशोर मिश्रा, सविता, आरती, प्रियंका, आद्या, अव्यान एवं समस्त मिश्रा परिवार

-:विनीत:-
ओंकार मिश्रा (पुत्र)
मो. 9148205304

स्थान : हमारा निवास, मिश्रा भवन, FCI रोड, तारबहार, बिलासपुर (छ.ग.)

11- MAR- BSP- P-2_Layout 1 3/11/2025 1:24 PM Page 1

11 MARCH- BSP-PG-3_Layout 1 3/12/2025 12:16 AM Page 1

खबर संक्षेप

श्रीमद भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ का समापन आज

बिलासपुर। चौबे कालोनी अरविंद नगर सरकंडा में 4 मार्च से स्व. माधवी शर्मा की स्मृति में प्रारंभ श्रीमद भागवत

महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ का समापन 12 मार्च होगा। इस दिन तुलसी वर्षा, हवन, सहस्त्रधारा, कपिला तर्पण का कार्यक्रम होगा। इसी तरह 13 मार्च को ब्राहम्ण भोज कराया जाएगा। इससे पहले व्यास पीठ पर विराजमान पं. जीवन द्विवेदी कोरबा द्वारा अपनी मधुर वाणी से भगवान श्री कृष्ण की विविध लीलाओं का बखान कर श्रद्धालुओं का मार्गदर्शन किया। भक्तों को ईश्वर भक्ति का पाठ पढ़ाते हुए भक्ति मार्ग पर चलने प्रेरित किया। इसे सफल बनाने में भूषण लाल, पुष्पा शर्मा, लोकेश्वर प्रसाद, अहिल्या, कृष्ण कुमार, रीता शर्मा, किशोर शर्मा, आलोक शर्मा, विवेक शर्मा, अभिषेक शर्मा, सार्थक शर्मा, अदिति, तृप्ति, अंकित, भावना, संस्कृति, प्रगति, पल्लवी, हार्दिक आदि का सहयोग रहा।

सड़क दुर्घटना रोकने वाहन मालिकों व चालकों की ली बैठक

बिलासपुर। एसपी के निर्देशानुसार कोटा, तखतपुर, रतनपुर में सभी थानों में ओव्हर लोडिंग न करने, ड्राईविंग लाईसेंस व वाहन बीमा के साथ वाहन चलाने व ओवरलोड सवारी न बैठाने, शराब पीकर वाहन ना चलाने सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने निर्देश दिए गए थे। इस संबंध में कोटा अनुभाग के थाना तखतपुर, रतनपुर, कोटा, चौकी जूनापारा, बेलगहना में पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के दिशा निर्देशन में मालवाहक वाहन चालकों व मालिकों की बैठक ली गई। जिसमें आस-पास के गांव के वाहन मालिक व चालक उपस्थित थे। जिन्हें सड़क दुर्घटनाओं के संबंध में अवगत कराते हुए मालवाहक वाहन में सवारी नहीं बैठाने, वाहन चलाते समय सीट बेल्ट पहनने, शराब पीकर वाहन ना चलाने ओव्हर लोडिंग नहीं करने, ड्राईविंग लाईसेंस व वाहन बीमा के साथ वाहन चलाने की अपील की गई। जिससे सड़क दुर्घटनाओं को रोकने में मदद मिल सके।

भूमिगत गैस पाइप लाइन से लोग परेशान, सुरक्षा की व्यवस्था नहीं

बिलासपुर। लोगों के किचन तक पाइप के माध्यम से गैस कनेक्शन पहुंचाने शहर में पिछले 8 महीनों से भूमिगत गैस पाइप लाइन बिछाई जा रही है। जिसका ठेका निजी कंपनी को दिया गया है। अव्यवस्थित ढंग से गैस पाइप लाइन बिछाने के कारण लोगों को परेशानी हो रही है। बीच सड़क पर लाइन जाने के कारण लोग आए दिन दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। सुरक्षा के बेहतर इंतजाम न होने के कारण रात में सड़क पर चलना खतरनाक हो गया है। लोगों की शिकायत के बाद भी प्रशासन ठेका कंपनी पर कोई कार्रवाई नहीं कर रही है।

कलेक्टोरेट में अवैध पार्किंग सड़क पर लगा रहता है घंटों जाम

बिलासपुर। कलेक्टर आफिस क्षेत्र में आए दिन जाम होने के कारण प्रशासन ने एसपी आफिस के सामने लाखों रूपए खर्च कर मल्टीलेवल पार्किंग का निर्माण कराया है। जहां सैकड़ों की संख्या में दो पहिया व चार पहिया वाहन रखने व्यवस्था की गई है। ताकि कलेक्टर कार्यालय, टाउन हाल, जिला न्यायालय सहित कम्पोजिट बिल्डिंग आने वाले लोग अपनी गाड़ियों को सुरक्षित तरीके से पार्किंग में रख सके और यातायात व्यवस्था प्रभावित न हो। लेकिन सही मानिटरिंग न होने के कारण वाहन लापरवाहीपूर्वक अपनी गाड़ी सड़कों पर खड़ी कर रहे हैं। जिससे जिला न्यायालय से लेकर नेहरू चौक तक जाम लगा रहता है।

मछुआ महासंघ का होली मिलन जनप्रतिनिधियों का सम्मान 16 को

बिलासपुर। छग मछुआ महासंघ का होली मिलन व नव निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान समारोह 16 मार्च को बिलासा छातावास केंवट समाज लिंगियाडीह में आयोजित किया जा रहा है। आयोजन समिति के जिला अध्यक्ष दीप कुमार कैवर्त ने बताया कि यह कार्यक्रम सुबह 11 बजे से शुरू होगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में भाईचारा व सदभावना का संदेश देना है। इस कार्यक्रम में महासंघ के केवट, निषाद, धीवर, कहार समाज के लोग शामिल होंगे।

विप्र महाविद्यालय में स्वच्छता अभियान के लिए शपथ कार्यक्रम

बिलासपुर। डीपी विप्र महाविद्यालय के आडिटोरियम में नगर निगम द्वारा जारी किए गए स्वच्छता अभियान के तहत महाविद्यालय के आडिटोरियम में समस्त प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों एवं बड़ी छात्र-छात्राओं ने स्वच्छता अभियान के प्रचार-प्रसार के लिए शपथ ग्रहण किए। जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर निगम के अभियंता ज्योति बरई द्वारा शपथ दिलाई गई। जिसमें इसे स्वच्छता अभियान को सभी के द्वारा स्वयं एवं दूसरों को प्रेरित करने के साथ-साथ प्रत्येक व्यक्तिगण के द्वारा अन्य सौ लोगों को इस स्वच्छता अभियान की शपथ लेते हुए अपने आस-पास की गंदगी को दूर करने के लिए निरन्तर प्रयत्नशील रहने की शपथ दी गई। महाविद्यालय के प्राचार्या डॉ. अंजू शुक्ला ने इस स्वच्छता अभियान का महत्व छात्र-छात्राओं को बताया। कार्यक्रम का संचालन उप-प्राचार्य डॉ. एम.एस. तम्बोली ने किया। इस कार्यक्रम में डॉ. विवेक अम्बलकर, डॉ. किरण दुबे, प्रो. यूपेश कुमार, डॉ. आशीष शर्मा, डॉ. मनीष तिवारी, डॉ. आभा तिवारी, डॉ. शिखा पहारे, डॉ. बिजॉय कर्मकार, डॉ. आभा तिवारी आदि मौजूद थे।

डीपी कालेज प्रश्न पत्र तैयार करने से लेकर परीक्षा स्वयं करा रहा | **यूजीसी ने दिया, आटोनासम यूनिवर्सिटी से एनओसी नहीं मिली**

आटोनामस कालेज का दर्जा विवाद में, फंसेगा डिग्री का पेंच

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी एवं डीपी विप्र कालेज के बीच आटोनामस कालेज के दर्जा को लेकर विवाद चल रहा है। यूजीसी से मान्यता मिलने के बाद डीपी विप्र कालेज ने स्वयं को आटोनासम घोषित भी कर दिया है। कालेज प्रश्न पत्र तैयार करवाने से लेकर एग्जाम भी कंडक्ट कराने लगी है। लेकिन इस आटोनासम विवाद में आगे चलकर स्टूडेंटस के डिग्री को लेकर पेंच फंसने वाला है जिसकी ओर किसी का ध्यान नहीं जा रहा है।

अटल यूनिवर्सिटी अपने से क्षेत्राधिकार अंतर्गत आने वाले संबद्धता प्राप्त कालेजों का परीक्षा कंडक्ट कराती है। परीक्षा के लिए सिलेबस यूनिवर्सिटी के अध्ययन मंडलों द्वारा तैयार किया जाता है और प्रश्न पत्र भी यूनिवर्सिटी तैयार कराती है। इसलिए यूजी-पीजी की पढ़ाई पूरी होने के बाद यूनिवर्सिटी उन कालेजों के

स्टूडेंटस को अपने यहां की डिग्री प्रदान करती है। अब सवाल यह खड़ा हो रहा है कि डीपी विप्र कालेज परीक्षा के लिए अपने यहां स्वयं प्रश्न पत्र तैयार करवा रही है और फर्स्ट ईयर वाले स्टूडेंटस का सेमेस्टर एग्जाम भी कालेज द्वारा कंडक्ट कराया गया था। ऐसे में उन स्टूडेंटस की डिग्री कौन देगा। क्योंकि यूनिवर्सिटी का कहना है कि कालेज स्वयं परीक्षा कंडक्ट करवा रही है तो डिग्री यूनिवर्सिटी क्यों देगी। डीपी विप्र कालेज में लगभग 11 हजार छात्र-छात्राएं यूजी-पीजी के विभिन्न कोर्सेस की पढ़ाई कर रहे हैं, जिनकी डिग्री को लेकर आगे पेंच फंस सकता है।

यूजीसी ने दी है मान्यता

डीपी विप्र कालेज की ओर से आटोनामस कालेज के लिए यूजीसी में आवेदन दिया गया था। इस पर यूजीसी ने पत्र जारी कर अटल यूनिवर्सिटी से एनओसी मांगा था, किन्तु यूनिवर्सिटी ने एनओसी जारी नहीं की। इसके पश्चात यूजीसी ने डीपी विप्र कालेज को जनवरी 2024 में 10 साल के लिए आटोनामस का दर्जा दे दिया। इसी आटोनामस के मामले को लेकर यूनिवर्सिटी और कालेज के बीच करीब सालभर से विवाद चल रहा है। कालेज प्रबंधन का मानना है कि यूजीसी ने उन्हें आटोनामस का दर्जा दे दिया तो उसे यूनिवर्सिटी नहीं रोक सकती है। इसलिए कालेज ने स्वयं को आटोनामस घोषित कर दिया है और कालेज में अलग से परीक्षा विभाग का गठन भी कर लिया है।

यूनिवर्सिटी ने गिनाई हैं खामियां

अटल यूनिवर्सिटी द्वारा डीपी विप्र कालेज को आटोनामस के लिए एनओसी नहीं दिए जाने के पीछे खामियां गिनाई जाती है। यूनिवर्सिटी के अनुसार कालेज में शिक्षकों की कमी सहित अन्य कमियां है। यूनिवर्सिटी के कार्यपरिषद में इस संबंध में मुद्दा उठ चुका है। यूनिवर्सिटी ने यूजीसी को पत्र लिखकर एक कमेटी बनाकर डीपी कालेज का निरीक्षण कराने की मांग की थी। इसलिए खामियों का हवाला देते हुए यूनिवर्सिटी ने कालेज को आटोनामस के लिए एनओसी नहीं दिया।

कॉलेज में 22 विभाग संचालित

डीपी विप्र कालेज की स्थापना सन 1969 में हुई थी और शहर का यह लगभग 55 वर्ष पुराना प्राईवेट कालेज है। डीपी विप्र कालेज में यूजी-पीजी मिलाकर 22 डिपार्टमेंट संचालित है, जिसमें लगभग 11 हजार स्टूडेंटस अध्ययनरत हैं। कालेज में यूजीसी के 5 प्राध्यापक, परिनियम 28 तहत 35 व एडहॉक वाले 40 प्राध्यापक हैं।

आटोनामस होता है विशेष दर्जा

आटोनामस कालेज एक दर्जा एक तरह विशेष दर्जा होता है। आटोनामस कालेजों को अपने स्तर पर नए कोर्सेस शुरू करने और परीक्षा आयोजित करने की स्वायत्ता होती है। उन्हें सिर्फ यूनिवर्सिटी को नए कोर्स की सूचना देना पड़ता है। कालेज यूजी-पीजी स्तर पर बिना यूनिवर्सिटी के अनुमति से डिप्लोमा व सर्टीफिकेट कोर्स चालू कर सकता है। एक तरह से आटोनामस कालेज स्वयं के लिए यूनिवर्सिटी की तरह काम करती है।

कालेज में हैं कई खामियां

डीपी विप्र कालेज में कई कमियां हैं जिसके लिए यूनिवर्सिटी ने पहले ही यूजीसी को पत्र लिखकर एक कमेटी बनाकर कालेज का निरीक्षण कराने कहा था। लेकिन बिना निरीक्षण के ही यूजीसी ने आटोनामस प्रदान कर दिया है। कालेज में कमियों की वजह से ही यूनिवर्सिटी ने एनओसी जारी नहीं किया है और कालेज स्वयं प्रश्न पत्र से लेकर परीक्षा कंडक्ट करा रही है, ऐसे में डिग्री को लेकर आगे समस्या खड़ी होगी।

-**शैलेन्द्र दुबे**, रजिस्ट्रार, एयू

नियमों के तहत हो रहा काम

कालेज को आटोनामस के लिए यूनिवर्सिटी ने एनओसी जारी नहीं किया है। लेकिन यूजीसी ने कालेज को आटोनामस का दर्जा दे दिया है। इसलिए कालेज आटोनामस के तहत काम कर रही है और प्रश्न पत्र कालेज स्वयं तैयार करवा रही है साथ ही परीक्षा का आयोजन भी आटोनामस अंतर्गत कालेज करा रही है।

-**डॉ. श्रीमती अंजू शुक्ला**
प्राचार्य, डीपी विप्र कालेज

स्वामी भजनानंद आश्रम केंदई में 7 दिवसीय अनुष्ठान का समापन

वनवासी सामूहिक विवाह में 56 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में

विष्णु महायज्ञ के समापन एवं सामूहिक विवाह कार्यक्रम में स्वामी हरिहरानंद सरस्वती एवं अन्य अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

स्वामी भजनानंद वनवासी आश्रम केंदई में 44वां विष्णु महायज्ञ एवं 7 दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन मंगलवार को वनवासी निर्धन कन्याओं के सामूहिक विवाह के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान सरगुजा, सूरजपुर, कोरिया, कोरबा, बलरामपुर, जशपुर जिलों से आए 56 जोड़े परिणय सूत्र में आबद्ध हुए, जिन्हें महामंडलेश्वर स्वामी हरिहरानंद सरस्वती महाराज सहित गणमान्य जनों ने सफल जीवन का आशीर्वाद दिया।



इस दौरान कन्यादान करने के लिए प्रत्येक जोड़े के भक्त स्वरूप यजमान पूजन मंडप पर बैठे। यजमानों ने अभिभावक बनकर वर वधु को विश्वास दिलाया कि वे ताउम्र उनके अभिभावक की जिम्मेदारी का निर्वहन करेंगे। विवाह की सभी रस्में पूरी होने के बाद उपस्थित सभी जोड़ों ने महामंडलेश्वर स्वामी हरिहरानंद सरस्वती महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। महाराज श्री ने सभी वर वधु को आशीर्वाद स्वरूप सायकल, मांग का टीका, कान की बाली, बिछिया, गद्दा, तकिया राशन का सामान, जरूरत की सभी बर्तन, टार्च, छाता, जूते चप्पल, साड़ी, पेटी व जरूरत के सभी सामानों के साथ विवाह के प्रमाण पत्र दिए गए।

मंच पर उपस्थित अतिथि

3 मार्च से प्रारम्भ हुए 44वें विष्णु महायज्ञ में प्रतिदिन दोनों समय भंडारे की व्यवस्था स्वामी भजनानंद वनवासी सेवा आश्रम में ही की गई। मंगलवार को सामूहिक विवाह के समापन के बाद शहर के साथ बाहर से आए हजारों की संख्या में सभी भक्तों ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। मंगलवार को मुख्य सामूहिक विवाह के दौरान मंच पर महामंडलेश्वर स्वामी हरिहरानंद सरस्वती महाराज विराजमान रहे। उनके साथ कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक बोधराम कंवर, प्रकाश इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन अशोक कुमार चतुर्वेदी, महामंडलेश्वर स्वामी विवेकानंद महाराज, आचार्य राममूर्ति महाराज, आचार्य रामभूषण महाराज, साध्वी गिरिजेश नंदनी मंच पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सचिव मदनमोहन जोशी ने बताया कि अभी तक इसके पूर्व जो विवाह हुए हैं उनकी संख्या पिछले वर्ष तक 1051 हो चुकी थीं, वह अब इस वर्ष 56 जोड़ों को विवाह किया जा रहा है। इस प्रकार से इस वर्ष तक 1107 निर्धन कन्या जोड़ों का सामूहिक विवाह किया गया। पूर्व विधायक बोधराम कंवर व प्रकाश इंडस्ट्रीज लिमिटेड चाम्पा के चेयरमैन अशोक चतुर्वेदी ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

सदगुरू देव भगवान ने सच्चे मन से की लोगों की सेवाः स्वामी हरिहरानंद

धार्मिक अनुष्ठान के दौरान महामंडलेश्वर स्वामी हरिहरानंद सरस्वती महाराज ने बताया कि हमारे सदगुरु देव स्वामी शारदानंद सरस्वती वैसे तो मूलतः मैनपुरी, प्रयागराज, अमरकंटक में विराजमान रहे हैं, लेकिन जब उनका केंदई आश्रम में आगमन हुआ तब उन्होंने यहां के ग्रामीणों के रहन सहन को देखते हुए यहीं रहकर यहां के ग्रामीणों की सेवा करने का मन बना लिया। तभी से सद्गुरु देव के द्वारा ग्रामीणों के लिए इसी आश्रम में मुफ्त शिक्षा, रहने के लिए आवास व प्रतिदिन दोनों समय भोजन की व्यवस्था की गई। इसके अलावा समय आने पर गरीब निर्धन कन्याओं के सामूहिक विवाह जैसे महान कार्य करने का सिलसिला जो कि आज पर्यंत जारी है। इस आश्रम में आज भी ऐसा प्रतीत होता है मानों सद्गुरु भगवान इसी आश्रम में हैं और अगर इस आश्रम में नहीं तो जरूर भगवान भोलेनाथ की नगरी कैलाश से सभी को देख रहे हैं।

देश विदेश से भक्त हुए शामिल

इसमें बिहार से स्वामी परमानंद, फिरोजाबाद से महामंडलेश्वर स्वामी विवेकानंद, आचार्य स्वामी राममूर्ति, आचार्य रामभूषण दास अमेरिका से संजीव चोपड़ा, स्वामी निर्वेदानंद, नोएडा से शिवनाथ यादव, नरेंद्र गुप्ता, दिल्ली से योगेश शर्मा, रवि प्रकाश, सुशील मित्तल, मेरठ से ज्योति गर्ग, नेवरा से शंकर लाल शर्मा, सुरेश गोयल, महेश अग्रवाल, हर्षवर्धन अग्रवाल शिव कुमार अग्रवाल, गिरधारी अग्रवाल रायपुर से अनिल अग्रवाल आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मदन जोशी ने किया।

दुर्घटना से बचने सुरक्षा का रखना चाहिए ख्यालः पोटई

बिलासपुर। बीईसी फर्टिलाईजर्स में सुरक्षा सप्ताह का समापन समारोह आयोजित किया गया। समस्त कर्मचारियों ने सुरक्षा एवं स्वास्थ्य के प्रति प्रतिज्ञा ली। इस दौरान कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण, स्लोगन, क्वीज एवं सुरंक्षा नाटक प्रतियोगिता आयोजित की गई।

■ बीईसी फर्टिलाईजर्स में सुरक्षा सप्ताह का समापन

जिसमें कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सुरक्षा सप्ताह का समापन उप संचालक (औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा) विजय सिंह पोटई के मुख्य अतिथ्य में सपन्न हुआ ।

मुख्य अतिथि श्री पोटई ने शून्य दुर्घटना के लिए बीईसी फर्टिलाईजर्स को बधाई दी। पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए कर्मचारियों से शपथ लिए। श्री पोटई ने कहा कि सिर्फ कार्यक्रम में भाग लेने से सही नहीं वरन अपने मस्तिष्क में हमे भी सुरक्षा संबंधी ख्याल रहना चाहिए ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना ना हो। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्य के लिए अलग अलग सुरक्षा संबंधी आवश्यकताएं होती हैं उसका पालन करना चाहिए । सुरक्षा सप्ताह का समापन अवसर पर विशिष्ट अतिथि तिफरा जोन कमिश्नर प्रवेश कश्यप ने स्वच्छता अभियान के तहत लोगों को स्वच्छाता का महत्व बताया।

घरेलू परेशानियों को छोड़कर दफ्तर पहुंचें

इस अवसर पर बीईसी फर्टिलाईजर्स के वाइस प्रेसीडेंट एन एस राजू ने कहा कि हमे सुरक्षा के प्रति हमेशा सजग रहना चाहिए व कोई भी कार्य शुरू करने से पहले सुरक्षा को ध्यान में रखकर ही कार्य करना चाहिए। उन्होंने प्रबंध तंत्र की ओर से आश्वासन दिया कि सुरक्षा संबंधी उपकरणों तथा बजट की कोई कमी नहीं रखी जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि हमारे परंपरा अनुसार जो भी नए कर्मचारी संयंत्र में आते हैं उन्हें पहले सुरक्षा के प्रति जागरूक कर स्वास्थ्य परीक्षण कर सुरक्षा संबंधी पूर्ण जानकारी प्रदान करने के पश्चात ही उन्हे कार्य स्थल पर भेजा जाता है ।
उन्होंने कर्मचारियों से अपेक्षा की कि वे अपनी घरेलू परेशानियों को दरकिनार करते हुए कार्यालय में सुरक्षित पहुंचे। इसी प्रकार कार्यालयीन परेशानियों को दरकिनार कर अपने घर सुरक्षित पहुंचे।
कार्यक्रम का संचालन प्रशांत चक्रवर्ती एवं आभार प्रदर्शन दीलिप गोवर्धन, जितेन्द्र श्रीवास्तव, नितिन जेम्स, गणेश यादव आदि का योगदान रहा।

ईडी की कार्रवाई को लेकर कांग्रेस ने किया पुतला दहन

बिलासपुर। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के भिलाई स्थित निवास सहित अन्य 14 ठिकानों पर ईडी की छापेमारी कार्रवाई के विरोध में पूरे प्रदेश में कांग्रेस ने मंगलवार को प्रदर्शन किया। प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी शहर, ग्रामीण ने भी नेहरू चौक पर प्रधानमंत्री एवं ईडी का पुतला दहन कर प्रदर्शन किया। दोपहर में कांग्रेस भवन में कांग्रेसजन एकत्रित होकर ईडी और केन्द्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए नेहरू चौक पहुंचे। कांग्रेस कार्यकर्ताओं को आते देख पहले से वहां तैनात पुलिस ने घेराबंदी कर पुतला को छीनने का असफल प्रयास किया। कांग्रेसजनों ने पुलिस को छकाते हुए डबल पुतला दहन किया, वहीं पुतला को जलता देख पुलिस बाटल में पानी लेकर दौड़ते रहे। इस अवसर पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष विजय पांडेय ने कहा कि भाजपा लोकतांत्रिक मर्यादाओं को लांघ रही है। विपक्ष के साथ भाजपा ने छत्तीसगढ़ सहित देश में व अन्य राज्यों में जो व्यवहार कर रही है वह स्वीकार्य नहीं है। भाजपा भय बनाकर शासन चलाना चाहती है। जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष विजय केशरवानी ने कहा कि भूपेश बघेल के घर किस केस में रेड पड़ा, क्या ईडी पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के पुत्र और दामाद के भ्रष्टाचार के सबूतों को मिटाने के उद्देश्य से छापेमारी की है। क्योंकि उनसे सारे रिकार्ड ईडी लेकर गई है। श्री केशरवानी ने कहा कि भाजपा की हताशा और एक वर्ष की विफलता को छिपाने के लिए कार्रवाई हो रही है। रेप, मर्डर, लूटपाट, डाका, सायबर क्राइम जैसी घटनाओं को लेकर कांग्रेस हमलावार हैं और भाजपा के पास जवाब नहीं है। पूर्व में कवासी लखमा द्वारा बस्तर में सड़क निर्माण को लेकर प्रश्न पूछने पर भी कार्रवाई की गई। भाजपा जनता की आवाज को दबाना चाहती है, वहीं देश अघोषित आपातकाल से गुजर रहा है। आज के पुतला दहन कार्यक्रम में शहर अध्यक्ष विजय पांडेय, जिलाध्यक्ष विजय केशरवानी सहित पूर्व विधायक श्रीमती रश्मि सिंह, रामशरण यादव, देवेन्द्र सिंह, पंकज सिंह, राजेन्द्र शुक्ला, प्रमोद नायक, राजेन्द्र साहू, शेख नजरूद्दीन, नरेन्द्र बोलर, राकेश शर्मा, ऋषि पांडेय, शेरू असलम, जगदीश कौशिक, शिवा मिश्रा, महेश दुबे, राजेन्द्र धीवर, विनोद साहू, पिंकी बतरा, सीमा घृतेश, शिल्पी तिवारी, शहजादी कुरैशी, स्वर्णा शुक्ला, अन्नपूर्णा ध्रुव, किरण धुरी, सुकृता, शकुंतला, अंजू, विमला, शारदा, चित्रकांत, सुभाष ठाकुर, पार्षद भरत कश्यप, अब्दुल इब्राहिम, पुप्पेंद्र साहू, मोहन श्रीवास, ओम कश्यप, सुनील सोनकर समेत सीताराम जायसवाल आदि शामिल रहे।

■ नेहरू चौक पर कांग्रेस का प्रदर्शन

डीपी कॉलेज में रोजगार पंजीयन शिविर

बिलासपुर। महाविद्यालय के प्लेसमेंट सेल एवं जिला रोजगार कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय में रोजगार पंजीयन शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में जिला रोजगार कार्यालय से अजय यादव, यूनुस राम, अपर्णा चैरसिया उपस्थित थे।

जिला रोजगार कार्यालय के अजय यादव ने अग्निवीर भर्ती योजना की जानकारी दी। छात्रों को इस योजना का लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस कार्यक्रम में शासी निकाय के अध्यक्ष अनुराग शुक्ला एवं शासी निकाय के सदस्य राजकुमार अग्रवाल, प्राचार्य डॉ. अंजू शुक्ला ने छात्र-छात्राओं को रोजगार संबंधी जानकारी तथा रोजगार पंजीयन से होने वाले लाभ के लिए छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किया। इस शिविर में महाविद्यालय के नियमित छात्र-छात्राओं के

साथ बड़ी संख्या में पूर्व छात्र-छात्राएं एवं स्वाधायी छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। इस शिविर में अपना रोजगार पंजीयन कराया। शिविर में उप-प्राचार्य डॉ. एम.एस. तंबोली, डॉ. विवेक अंबलकर, डॉ मनीष तिवारी, डॉ. शिखा पहारे, डॉ. आभा तिवारी, डॉ किरण दुबे, डॉ. रिचा हांडा, प्रो. भागवत कौशिक, डॉ. बिजॉय कर्मकार, डॉ. विश्वास विक्टर, प्रो. दीपक कौशिक, प्रो.यूपेश कुमार, प्रो. शिवानी वर्मा, प्रो. प्रमोद नरेश, प्रो. प्रकाश चंद्राकर उपस्थित थे।

छात्राएं 30 मिनट करें योगाभ्यास

बिलासपुर। यूथ रेड क्रास सोसायटी और शासकीय बिलासा कन्या महाविद्यालय के तत्वावधान में छात्राओं के लिए 5 एवं 10 मार्च को दो दिवसीय स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एवं वक्ता डॉ. आकांक्षा दीक्षित, डॉ. संगीता शर्मा, डॉ. प्रीणा शुक्ला, डॉ. गीतिका शर्मा, डॉ. अंजू तिवारी रहे। मुख्य वक्ता डॉ. डॉ. आकांक्षा ने आज कल लोगों की दिनचर्या एवं खान–पान में अंतर होने के कारण छात्राओं में जल्दी मासिक धर्म आना शुरू हो जाता है। जिससे हमें बच्ची में होने वाले लक्षण एवं परिवर्तन को ध्यान में रखना चाहिए। छात्राओं को शारीरिक मेहनत करना चाहिए। कम से कम 30 मिनट योगाभ्यास करना चाहिए। डॉ. प्रीणा शुक्ला ने छात्राओं को पीसीवोडी एवं ओबेसिटी के बारे बताया। डॉ. गीतिका शर्मा ने कहा कि मासिक धर्म

के समय स्वस्थ भोजन करें। इस अवसर पर डॉ. मीना क्षेत्रपाल, डॉ. निवृत्ति जेम्स, डॉ सुसन उदय, सुशीला एक्का, डॉ. पुष्पा भण्डारी, डॉ. निशा तिवारी, डॉ.जामिनी खुशरो, डॉ.गार्गी शुक्ला, डॉ.अर्चना पाटले, डॉ.अर्चना पाण्डे एवं डॉ एस. के. पवार, उपस्थित रहे।

छात्रावास में डॉ. चांदनी गुप्ता उनकी टीम ने छात्राओं की दंत का परीक्षण किया। कार्यक्रम में प्राचार्य, डॉ. एस.आर. कमलेश आदि का सहयोग रहा।

इसी सत्र से शुरू हुआ आनलाइन डिस्टेंस एजुकेशन

सीयू में डिस्टेंस एजुकेशन के लिए 5 सौ से अधिक ने कराया रजिस्ट्रेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में इसी सत्र से डिस्टेंस एजुकेशन शुरू हुआ है। यहां आनलाइन मोड में डिस्टेंस एजुकेशन संचालित होगा, जिसके लिए 31 मार्च तक एडमिशन की अंतिम तिथि रखी गई है। अभी तक 531 लोगों ने डिस्टेंशन एजुकेशन के लिए अपना आनलाइन रजिस्ट्रेशन कराया है।

■ 31 मार्च तक एडमिशन की अंतिम तिथि

गुरू घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी ने डिस्टेंस एजुकेशन के तहत प्रोग्राम का प्रस्ताव तैयार कर यूजीसी के डिस्टेंस एजुकेशन ब्यूरो को भेजा था, जिसमें से 11 प्रोग्राम शुरू करने की अनुमति मिली है। इसमें स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर के प्रोग्राम शामिल हैं। स्नातक स्तर में बीकॉम ऑनर्स, बीलिब एंड इंफॉर्मेशन साइंस, बीसीए शामिल हैं। इसी तरह स्नातकोत्तर में एमबीए, एमसीए, एमलिब एंड इंफॉर्मेशन साइंस, एमए जेएमसी, एमए पोलिटिकल साइंस, एमए हिस्ट्री, एमए इकॉनमिक्स, एमए इंग्लिश, एमकॉम और मास्टर ऑफ सोशल वर्क (एमएसडब्ल्यू) प्रोग्राम शामिल हैं। इन प्रोग्राम की अनुमति मिल जाने के बाद यूनिवर्सिटी ने जनवरी 2025 से एडमिशन के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू की थी। बाद में यूजीसी ने रजिस्ट्रेशन, एडमिशन की तिथि 31 मार्च तक के लिए आगे बढ़ा दी है। अभी तक समर्थ पोर्टल के जरिए यूनिवर्सिटी से डिस्टेंस एजुकेशन तहत 531 लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया है।

आनलाइन संचालित होंगे प्रोग्राम

गुरू घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में डिस्टेंस एजुकेशन के अंतर्गत जितने भी प्रोग्राम संचालित होंगे, वे सभी ऑनलाइन होंगे। डिस्टेंस एजुकेशन में एडमिशन प्रक्रिया ऑनलाइन चल रही है। इसी तरह टीचिंग वर्क, एसेसमेंट, असाइनमेंट और एग्जामिनेशन भी ऑनलाइन माध्यम से ही होंगे। ऑनलाइन माध्यम से ही इसके पाठ्यक्रम तैयार गए हैं।

संचालित पाठ्यक्रमों में ही डिस्टेंस एजुकेशन

गुरू घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में स्टेट यूनिवर्सिटी के समय दूरवर्ती शिक्षा संस्थान संचालित था, जो बाद में सेंट्रल यूनिवर्सिटी बनने के बाद बंद हो गया था। अब सेंट्रल यूनिवर्सिटी में डिस्टेंस एजुकेशन शुरू हो गया है। इसके लिए जुलाई माह में यूनिवर्सिटी ने यूजीसी के डिस्टेंस एजुकेशन ब्यूरो को प्रस्ताव भेजा था और इसी माह यूनिवर्सिटी को अनुमति मिल गई है। सेंट्रल यूनिवर्सिटी में डिस्टेंस एजुकेशन का जो कोर्स मटेरियल होगा, वह वही होगा जो यूनिवर्सिटी के रेगुलर पाठ्यक्रम में शामिल है।

खबर संक्षेप

नपा अध्यक्ष एवं पार्षद आज ग्रहण करेंगे शपथ

तखतपुर। नगरपालिका तखतपुर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम 12 मार्च को सुबह 11 बजे राम सदन तखतपुर में रखा गया है। कार्यक्रम में बतौर मुख्य आतिथि पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव शामिलव होंने एवं अध्यक्षता प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक रश्मि आशीष सिंह, पूर्व विधायक जगजीत सिंह मक्कड़ उपस्थित रहेंगे।

रंजिश को लेकर दो पक्षों में मारपीट, मामला दर्ज

कोरबा। कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत पावर हाऊस रोड कोरबा निवासी अमीन मेमन पिता स्व. हाजी इस्माइल ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 10 मार्च की शाम लगभग 6:30 बजे उसे पता चला कि उसके पुत्र गुलाम मेमन के साथ कुछ व्यक्तियों के साथ मारपीट की जा रही है। सूचना पाकर जब अमीन पुराना बस स्टैंड कोरबा पहुंचा तब देखा कि उसका पुत्र गुलाम लहुलूहान सड़क पर पड़ा हुआ है। जिस पर अमीन मेमन अपने पुत्र को लेकर कोतवाली ला रहा था तब अशरफ़ मेमन, इमरान मेमन, अदनान अरमान साथ में इमरान का बड़ा पुत्र, इमरान का बड़ा साला आदि ने मारपीट किए।

निधन

शांति मिश्रा

बिलासपुर। गोडपारा निवासी स्व. श्रवण मिश्र की पत्नी शांति मिश्रा का 11 मार्च को निधन हो गया। वे 89 वर्ष की थीं। उनकी अंतिम यात्रा 12 मार्च को सुबह 11 बजे रामा लाइफ सिटी से पं देवकीनंदन दीक्षित मुक्तिधाम सरकंडा के लिए निकलेगी। वे अनिल मिश्र, सुनील, प्रवीण मिश्र एवं अतुल पप्पु मिश्र की माता थीं।

सरोजबाला तिवारी

बिलासपुर। (गीधौरी) देहनपारा सरकंडा निवासी सरोजबाला तिवारी का 11 मार्च को निधन हो गया। वे 57 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार 12 मार्च को सुबह 11 बजे सरकंडा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे मधुकांत तिवारी की पत्नी थीं।

सिमरन फ्रांसिस

बिलासपुर। महिमा नगर सिरगिट्टी निवासी सिमरन फ्रांसिस का 11 मार्च को निधन हो गया। वे 24 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार 12 मार्च को दोपहर 1 बजे क्रिश्चिन कब्रिस्तान गुरुनानक चौक तोरवा में किया जाएगा। वे लुईस फ्रांसिस की पुत्री थीं।

तखतपुर नपा अध्यक्ष ने की हरिभूमि से खास बातचीत

नगर को एक व्यवस्थित रूप देना हमारे परिषद का उद्देश्य: पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

नगर पालिका के नवनिर्वाचित अध्यक्ष पूजा मक्कड़ ने हरिभूमि से बातचीत में कहा कि तखतपुर नगर को एक व्यवस्थित रूप देना हमारे परिषद का उद्देश्य रहेगा, ताकि तखतपुर के लोगों को यहां के विकास पर गर्व हो सके।

नगर में बहुत सारे कार्य होने बाकी हैं, जिस पर हम प्राथमिकता के साथ काम करेंगे। हमारा विश्वास है कि नगरवासियों के सहयोग से इस कार्य को हम पूरा करने में सफल होंगे। उन्होंने कहा कि सबसे पहले हमारी प्राथमिकता होगी कि नगर में आवागमन दुरुस्त हो और इसके लिए सड़कों को ठीक कराया जाएगा। दूसरी बुनियादी आवश्यकता है लोगों को स्वच्छ पेय जल उपलब्ध कराना, इस पर भी हम काम करेंगे। हमेशा नगर वासियों की समस्या रही है कि उन्हें पेयजल की किल्लत होती है इसके लिए भी एक अच्छी कार्य योजना बनाकर काम करेंगे ताकि हर घर में शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सके। मनियारी एनीकट को भी व्यवस्थित करना हमारे परिषद का उद्देश्य रहेगा। इसके साथ ही एक बाजार को भी व्यवस्थित ढंग से रखा जाएगा ताकि यहां के लोगों को और हमारे जितने भी सब्जी व्यापारी भाई है उन्हें भी कोई असुविधा न हो। दूसरी बुनियादी सुविधा नगर में साफ सफाई को लेकर भी काम किया जाएगा ताकि शहर कचरामुक्त शहर बने और आमजनों को असुविधा ना हो सके। उन्होंने कहा कि नगर पालिका में शासन की जितनी भी योजनाएं आती हैं इन योजनाओं को मूर्त रूप देकर जनता के बीच पहुंचा जाएगा। शासन की योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति तक पहुंचे इसके लिए पूरा प्रयास किया जाएगा। नगर पालिका में जनता का जो स्नेह मिला है उस स्नेह और भरोसे पर पूरी परिषद खरी उतरेगी। साथ ही उन्होंने कहा कि नगर पालिका में पेयजल सफाई, राशन कार्ड पेंशन, राष्ट्रीय परिवार सहायता आदि कार्यों के साथ उन कार्यों को भी प्रमुखता से किया जाएगा जो हमारे नगर के विकास की योजनाएं हैं।

नगर में प्रधानमंत्री आवास में यदि कोई भी पैसे की मांग करता है तो उसकी जानकारी शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। भ्रष्टाचार मुक्त तखतपुर नगर पालिका होगा पिछले 1 साल के कार्यकाल में यदि किसी ने प्रधानमंत्री आवास के नाम पर भ्रष्टाचार किया है इसकी जांच कराई जाएगी

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मुलाकात करते नपा अध्यक्ष।

मोहल्लेवासियों को घरों में सुरक्षित रहने हिदायत दी गई

नर्सरी में हिंसक वन्यजीव के आने से दहशत में ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

नगर के तुलसाघाट स्थित नर्सरी में तड़के सुबह ग्रामीणों के द्वारा हिंसक वन्यजीव को देखने की जानकारी सामने आई है। सूचना पर विभाग ने जंगली जानवर की मौजूदगी की पुष्टि करने नर्सरी में तलाश में जुट गई। जानकारी के अनुसार मंगलवार को तड़के सुबह 5 बजे के आसपास एक किसान नर्सरी के पास शौच करने था, इसी दौरान उसे वहां तेंदुआ नजर आया।

यह खबर तुलसाघाट में आग की तरह फैल गई। मामले की सूचना पर वन विभाग के चौकीदार, फारेस्ट गार्ड एवं कर्मचारी सक्रिय हुए। इसके अलावा एक युवक ईंट भट्ठे में काम करने के लिए जा रहा था इसी दौरान सुबह 5 बजे के बीच बाइक की रोशनी में उसने जंगली जानवर को सड़क पार कर नर्सरी की बाउंड्री से छलांग लगाते हुए देखा। उक्त घटनाओं की जानकारी वन विभाग को दी गई।

गौरतलब है कि नर्सरी के पीछे मनियारी नदी के किनारे एवं बाउंड्री वॉल के आसपास घनी हरियाली वाला क्षेत्र है। यहां जानवरों के छुपने की पर्याप्त जगह है, लेकिन एक तरफ तुलसाघाट की आधी बस्ती है। एक वर्ष पहले एक चीतल एवं लगभग दस वर्ष पहले ऐसे ही एक तेंदुआ खाने की तलाश में आबादी वाले क्षेत्र में एक बकरी का शिकार करने घुस गया। मकान मालिक ने सावधानी के साथ जंगली जानवर को कमरे में बंद कर दिया, जिसको वन विभाग एक्सपर्ट ने ट्रेंक्यूलाइज कर सुरक्षित पकड़ा। फिलहाल जंगली जानवर की पुष्टि करने विभाग के कर्मचारी जुटे हैं। मोहल्लेवासियों को घरों में सुरक्षित रहने की हिदायत दी गई है।

नहीं मिला सुराग

तुलसाघाट नर्सरी में एक हिंसक वन्यजीव की आने की सूचना ग्रामीणों से मिली है जिसकी पुष्टि करने के लिए वन कर्मचारी जुटे हुए हैं। फिलहाल अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है।

- क्रिस्टोफर कुजूर,
वनपरिक्षेत्र अधिकारी

जिपं उपाध्यक्ष ने की सीएम साय भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से नुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ सकरी

पूर्व जिला पंचायत सदस्य संतोष कौशिक के नेतृत्व में जिला पंचायत बिलासपुर की नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष ललिता संतोष कश्यप एवं मंडल अध्यक्षों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं प्रदेश अध्यक्ष किरण देव से मुलाकात की।

तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह ने नवनिर्वाचित जिला पंचायत उपाध्यक्ष ललिता संतोष कश्यप को मुख्यमंत्री से मिलवाते हुए कहा कि पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं की मेहनत से ये विजयी हुई हैं। अब जनभावनाओं के अनुरूप क्षेत्र के विकास में अपना योगदान देंगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि जनप्रतिनिधि का पहला कर्तव्य जनसेवा होता है, शासन की सभी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा कर उसका लाभ दिलाना ही हमारा उद्देश्य होना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि जन आकांक्षाओं पर खरा उतरकर जनता का विश्वास जीतना ही पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य संतोष कौशिक गुरुजी, मंडल अध्यक्ष गण रवि मेहर, नैनलाल साहू, रामकुमार निर्मलकर, दिनेश साहू, विनोद यादव, अश्वनी शर्मा, संतोष कश्यप, राकेश छाबड़ा, श्याम सिंह ध्रुव, अश्वनी श्रीवास, राजकमल साहू, कामता कुलमित्र, जयराम जायसवाल उपस्थित थे।

जुए के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई, 6 गिरफ्तार

बिल्हा। स्थानीय पुलिस ने ग्राम गोढी श्मशान घाट में चल रहे जुए के फड़ पर छापा मारकर 6 जुआरियों को पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपी राजू मनहर पिता द्वारिका मनहर उम्र 45 वर्ष, संजय जांगडे पिता धुरई प्रसाद उम्र 34 वर्ष, मनीष कुमार वर्मा पिता गौतरिहा वर्मा उम्र 30 वर्ष, जितेन्द्र रजक पिता हरवंश रजक उम्र 24 वर्ष, मुकेश ध्रुव पिता संतकुमार ध्रुवव उम्र 30 वर्ष, कमल लहरे पिता लखन लाल उम्र 35 वर्ष को पकड़ कर थाने लाई एवं उनके कब्जे से 52 पत्ती ताश, बोरी फट्टी व नगदी रकम 14 हजार 5 सौ रूपए जप्त किया गया। आरोपियों के खिलाफ धारा 3(2) जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई एवं पृथक से धारा 170 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई कर कार्यपालिक दंडाधिकारी महोदय के आदेश पर जेल गया। दूसरे मामले में ऐठुलकापा बांधा के पास चल रहे जुए के फड़ पर छाप मारकर पुलिस ने 2 जुआरियों गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से कुल 26 हजार 7 सौ 80 रूपए एवं ताश की गड्डी जब्त की गई। आरोपी शिवप्रसाद जोशी पिता धजाराम जोशी उम्र 50 वर्ष एवं हरिदास घृतलहरे पिता बुधराम घृतलहरे उम्र 70 वर्ष के खिलाफ 3(2) जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए धरमलाल कौशिक

बोदरी नपा अध्यक्ष, पार्षदों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आम आदमी पार्टी के बोदरी नगर पालिका अध्यक्ष नीलम विजय वर्मा सहित पार्षद भावना आशीष खत्री, विजय वर्मा, श्याम आर्या गुड्डू, डॉली ने शपथ ली। इस दौरान शपथ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर विधायक धरम लाल कौशिक एवं बीजेपी नेता भूपेंद्र सवन्नी उपस्थित हुए।

शपथ कार्यक्रम के दौरान आम आदमी पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री जसबीर सिंग चावला, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रियंका शुक्ला, मुख्य प्रवक्ता सूरज उपाध्याय, संगठन मंत्री अभिषेक मिश्रा, प्रदेश सचिव ज्योति आदि, महिला विंग अध्यक्ष मिथिलेश बघेल, यूथ विंग अध्यक्ष अरुण नायर, लोकसभा सचिव राकेश लोनिया, जिला शहर अध्यक्ष बीरेंद्र राय, अरविंद पांडेय, नूरूल हुडा, परदेसी रात्र, आनंद, महिला विंग से प्रतिमा सिंह, भागवत साहू,शंकर कश्यप, सनत गोयल, अमीरन बी, गौतम दास मानिकपुरी, सत्या, ललित बघेल, विनय गुप्ता, आर के शर्मा सहित ढेरों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

शपथ ग्रहण समारोह में शामिल विजयी जनप्रतिनिधि।

अध्यक्ष का नाम आमंत्रण पत्र से गायब

जनता द्वारा चुनी गईं अध्यक्ष नीलम विजय वर्मा का नाम आमंत्रण पत्र से काट दिया गया। मामले को लेकर आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों ने जब आयोजक भारती साहू से इस विषय में बात की कि हमारे छाया विधायक एवं पार्टी के वरिष्ठ नेता जसबीर सिंग को क्यों नहीं बिठाया गया तो उन्होंने बात टाल दी। शपथ के बाद अध्यक्ष नीलम विजय वर्मा ने पदभार ग्रहण करने कमरे में जाना चाहा लेकिन कोई कमरा उपलब्ध नहीं कराने के कारण वे अपना कार्य आज शुरू नहीं कर सकीं। इस संबंध में अधिकारियों से कॉल पर बात करने पर आश्वाशन मिला है कि कल तक रूम दिलवाकर मामले का निराकरण किया जाएगा। इस पर नीलम विजय वर्मा ने कहा कि कल मंच से कार्यालय बनाकर कार्य शुरू किया जाएगा, जनता की सेवा करने के लिए कोई कितने भी अड़ंगे लगाए, हम कार्य करते रहेंगे।

अटल ने उठाया किसानों को मुआवजा न मिलने का मामला

बिलासपुर। विधानसभा सत्र के दौरान कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने जल संसाधन विभाग द्वारा कोटा के कृषकों की अधिग्रहित भूमि का मुआवजा प्रदान नहीं करने के संबंध में अवगत करवाया।

अटल श्रीवास्तव ने बताया गया कि खोंगसरा व्यवर्तन योजना में 29 किसानों को एवं डांडबछली परियोजना के नहर निर्माण में 16 किसानों को आज तक अधिगृहित भूमि का मुआवजा प्रदान नहीं किया गया है। सिलदहा डायवर्सन नहर निर्माण में सिलदहा के कृषकों को उनकी डुबान भूमि का मुआवजा प्रदान नहीं किया गया है। वर्षों से कृषकों की भूमि अधिग्रहित कर ली गई है लेकिन मुआवजा आज तक प्रदान नहीं किया गया है, जिससे किसान अपने आप को ठगा महसूस रहे हैं। बाहरीझिरिया में सड़क की मांग- अटल श्रीवास्तव ने सदन में बाहरीझिरिया में रोड निर्माण की मांग करते हुए कहा कि मैं ग्राम बाहरीझिरिया गया तो ग्रामवासियों ने बताया कि आजादी के बाद पहली बार कोई विधायक उनके गांव पहुंचे हैं। गांव पहुंचने के लिए नदी नाला पार करके जाना होता है। ग्राम में बिजली पहुंच गई है लेकिन रोड नहीं है। ग्रामवासी अभी भी पहाड़ से आना जाना करते हैं। गांव का आबादी लगभग 300 की है लेकिन गांव विकास से कोसों दूर है।

न्यायालय राजस्व निरीक्षक मंडल सरकंडा बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)

सूचना

क्रमांक/ /सीमांकन/रा.नि/2025
बिलासपुर, दिनांक 08/03/2025
प्रति, आवेदक दिनेश गुप्ता पिता शिव कुमार गुप्ता निवासी तेलीपारा समीपस्थ भूमि स्वामी श्री रविन्द्र कुमार पिता प्रीतम सिंह नि मंगला श्री बालकुंवर पति डॉ. के. सिंह निवासी मंगला श्री रविन्द्र प्रसाद पि सिद्धराम चंद्रवंशी।
विषय-सीमांकन में उपस्थिति बावत्।
संदर्भ - न्यायालय तहसीलदार विलासपुर के ज्ञापन क्रमांक क/तह./वा./2025 बिलासपुर, दिनांक 11.12.24
ग्राम मंगला प.ह.न. 35 रा.नि.म. सरकंडा बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 1083/6 रकबा 0.0060 हेक्टेयर के सीमांकन हेतु आवेदक दिनेश गुप्ता निवासी तेलीपारा के द्वारा न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर को आवेदन प्रस्तुत किया गया।
संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन ने उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनाक 19.03.25 समय 11 से 5 किया जाना है। आप दस्तावेज सहित उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज के साथ उपस्थित होवे एवं उक्त समय पश्चात की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।
राजस्व निरीक्षक, सरकंडा

आम सूचना

सर्व साधरण को सूचित किया जाता है कि भू-स्वामी (1) मो. सलीम पिता, मो. सईद (2) सलमा खातून, पिता मो. सईद (3) मदीना बानो, पति मो. कलीम (4) निकहत परवीन पति शाहनावाज बटलर (5) सदफ परवीन, पति आफताब वारिश (6) नसरीन परवीन, पिता मो. कलीम, निवासी चाटीडीह, बिलासपुर (छ.ग) के स्वमित्व अधिपत्य हक अधिकार की भूमि मौजा गतौरा पटवारी हल्का न. 20 राजस्व निरीक्षक मंडल जयराम नगर वि.ख. मस्तुरी, लहसील मस्तुरी एवं जिला बिलासपुर (छ.ग.) में स्थित है जिसका खसरा न. 2984/2 रकबा 0.1620 हे, खसरा न. 2987/1 रकबा 0.1010 खसरा न. 2987/2 रकबा 0.4900 खसरा न. 2988/1 रकबा 0.2270 हे खसरा न. 2988/4 रकबा 0.3160 हे एवं खसरा न. 2988/5 रकबा 0.2020 कुल खसरा न. 06 कुल रकबा 1.4980 हे. रकबा 3 एकड़ 74 डिस्मिल को क्रेता राजेश कुमार तिवारी पिता स्व. रामसुजान तिवारी निवासी कृष्णा पैलेस कॉलोनी शांति नगर, बिलासपुर (छ.ग.) वाले से क्रय हेतु बयाना राशि दे दिया गया है। जिसकी रजिस्ट्री शीघ्र होने वाली है उक्त भूमि के सम्बन्ध में किसी भी शासकीय/गैर शासकीय / बैंक/वित्तीय संस्था संस्था या किसी भी व्यक्ति विशेष को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति, हक, दावा, अधिकार हो तो 07 दिवस के भीतर मय दस्तवेज के साथ अपना आपत्ति हक्र दावा प्रस्तुत कर सकता है, अन्यथा समयावधि के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति, दावा मान्य नहीं होगी।
सो सुचना जाने।
भवदीय
राजेश कुमार तिवारी
कृष्णा पैलेस कॉलोनी शांति नगर, बिलासपुर (छ.ग.) मो.न. 9827161256

समक्ष श्रीमान नोटरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)

शपथ पत्र

मैं हरलीन कौर उम्र 36 वर्ष, पति हरप्रीत सिंह निवासी- राजधानी टेंट हाउस, राजधानी गली, सीपत चौक सरकंडा, बिलासपुर तह. वं जिला बिलासपुर (छ.ग.) की हूं, जो निम्न कथन शपथ पूर्वक करती हूं कि:- 1. यह कि, उपरोक्त नाम व पता सत्य व सही है। 2. यह कि, मेरे नाम से पासपोर्ट क्रं. L6341169 है, जिसमें मेरा नाम HARLIN KAUR दर्ज है, जो कि त्रुटिपूर्ण है। 3. यह कि, मेरे आधार कार्ड क्रं. 4293 8714 7757 है, जिसमें मेरा नाम HARLEEN KAUR दर्ज है, जो कि सत्य व सही है। 4. यह कि, मेरे पासपोर्ट में दर्ज नाम HARLIN KAUR के स्थान पर वास्तविक नाम HARLEEN KAUR दर्ज किया जावे। 5. यह कि, इस शपथ पत्र के साथ आवश्यक दस्तावेज संलग्न है। 6. यह कि, HARLEEN KAUR एवं HARLIN KAUR ये दोनों नाम मेरे ही है, किसी अन्य का नाम नहीं है।
अतः यह शपथ पत्र उपरोक्त कथनों के समर्थन में संबंधित कार्यालय के सक्षम अधिकारी के * समक्ष प्रस्तुत कर रही हूं।
शपथकर्ता, हरलीन कौर
// सत्यापन //
मैं हरलीन कौर शपथकर्ता शपथ पूर्वक सत्यापित करती हूं कि शपथ पत्र की कंडिका 01 से तक में वर्णित कथन सत्य एवं सही है, जिसे आज दिनांक 11/03/2025 को स्थान बिलासपुर में पढ़कर समझकर सत्य होना जानकर अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित कर रही हूं।
शपथकर्ता, हरलीन कौर

आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम उस्लापुर प.ह.नं.0060 रा.नि.मं. सकरी तह. सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि जिसका खसरा नं. 444/18 रकबा 0.227 हे. है जो कि सभी राजस्व अभिखेलों में विक्रेता श्री मनिंदर सिंह टिब पिता श्री अवतार सिंह टिब के नाम से दर्ज है। उक्त भूमि को भूमिस्वामी द्वारा मेरे क्रेता श्री भुपेन्द चंदेरिया पिता श्री प्रकाश चंद्र चंदेरिया निवासी विनोबा नगर बिलासपुर व हेमचंद सोनवानी पिता श्री गणेश राम सोनवानी निवासी जोरापारा (मोछ) तह. तखतपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) वाले के पास बेचने का पक्का सौदा किया गया है जिसका बयाना राशि दी जा चुकी है।
उक्त भूमि के संबंध में यदि किसी बैंक, संस्था, शासकीय, अर्द्धशासकीय व अन्य किसी को आपत्ति हो तो 15 दिवस के भीतर मय दस्तावेज के साथ मेरे कार्यालय में उपस्थित हो उसके पश्चात की गई आपत्ति अमान्य मानी जावेगी तदानुसार आम सूचना प्रेषित।
दिनांक- 11/03/2025
भवदीय
ए. कुमार, अधिवक्ता
छ.ग. उच्च न्यायालय, बिलासपुर
मो. 98261-76372, 9589741740, 8109990079

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार नरेश कुमार लिखमानिया, पिता स्व. ब्रिजमोहन लाल लिखमानिया, निवासी-मेन रोड तोरवा (शैल पुत्री पेंट) बिलासपुर (छ.ग.) को बी. लीलावती पिता-एन.व्ही. रत्नम (पति-बी. सूर्या राव) निवासी-जमशेदपुर (झारखंड) के पैतृक बटवारे में प्राप्त भूमि मौजा तोरवा, प.ह.नं. 37. रा.नि.मं. जूना बिलासपुर, वार्ड नं. 41. (शंकर नगर वार्ड पावर हाऊस चौक के पास) बिलासपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नं. 1315/30, रकबा 2464 वर्गफुट, खसरा नं. 1315/22, रकबा 270 वर्गफुट कुल रकबा 2734 वर्गफुट भूमि को क्रय-विक्रय करने का सौदा किया जा चुका है. अतिशीघ्र रजिस्ट्री किया जावेगा, यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, सरकारी, गैर सरकारी संस्था, पुलिस एवं राजस्व को कोई आपत्ति हो तो उक्त आम सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर अपना वैद्य दस्तावेज के साथ मेरे कार्यालय में उपस्थित होवे एवं आपत्ति प्रस्तुत करे, रजिस्ट्री के उपरांत किया गया दावा आपत्ति शून्य माना जावेगा।
सो सूचना जाने
शुभेन्दु नस्कर अधिवक्ता
छ.ग. उच्च न्यायालय बिलासपुर (छ.ग.)
मो. 9827181564
9300310057

न्यायालय राजस्व निरीक्षक मंडल सरकंडा बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)

सूचना

क्रमांक/ /सीमांकन/रा.नि/2025
बिलासपुर, दिनांक 08/03/2025
प्रति, आवेदक श्रीमती सुषमा ऋषि पति अशोक ऋषि समीपस्थ भूमि स्वामी श्री रविन्द्र कुमार पिता प्रीतम सिंह निवासी मंगला श्रीमती बालकुंवर पति डॉ. के. सिंह निवासी मंगला श्री राजेन्द्र प्रसाद पिता सिद्धराम चंद्रवंशी।
विषय-सीमांकन में उपस्थिति बावत्।
संदर्भ - न्यायालय तहसीलदार विलासपुर के ज्ञापन क्रमांक / तह./वा./202 बिलासपुर, दिनांक।
ग्राम मंगला प.ह.न. 35 रा.नि.म. सरकंडा बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 1083/2 रकबा 0.0526 हेक्टेयर के सीमांकन हेतु आवेदक श्रीमती सुषमा ऋषि निवासी मंगला के द्वारा न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर को आवेदन प्रस्तुत किया गया।
संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन ने उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनाक 19.03.25 समय 11 से 5 किया जाना है। आप दस्तावेज सहित उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज के साथ उपस्थित होवे एवं उक्त समय पश्चात की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।
राजस्व निरीक्षक, सरकंडा

आम सूचना का खण्डन

मैं अपने पक्षकार रविशेखर भारद्वाज पिता स्व. परसराम भारद्वाज, हाल मुकाम- नगर पंचायत खरौद जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) की ओर से अधिकृत, निर्देशित होकर अनिल कुमार आडवानी पिता श्रीचंद आडवानी द्वारा अपने अधिवक्ता श्री अवनीश दीवान के माध्यम से दैनिक समाचार पत्र हरिभूमि में दिनांक 07.03.2025 को प्रकाशित आमसूचना का खण्डन निम्नाशय का करता हूं कि मेरे पक्षकार के द्वारा अपने स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य का मकान मौजा जूना बिलासपुर करबला रोड रविदास नगर, प.ह.नं. 22/34, तहसील व जिला बिलासपुर स्थित खसरा नंबर 524/11 रकबा 2306 वर्गफुट को अनिल कुमार आडवानी को वर्ष 2016 में किराया में दिया जाकर उसका भौतिक कब्जा प्रदान किया गया था, किन्तु अनिल कुमार आडवानी द्वारा मेरे पक्षकार श्री रविशेखर भारद्वाज को वर्ष 2018 से किराया राशि का भुगतान नही किये जाने पर मेरे पक्षकार द्वारा अनिल कुमार आडवानी को मकान खाली करने एवं बकाया किराया राशि का भुगतान करने हेतु कहे जाने पर अनिल कुमार आडवानी के द्वारा मेरे पक्षकार के स्वामित्व एवं आधिपत्य की उक्त वर्णित मकान को हड़पने के आशय कूटरचित, फर्जी एवं विधि विरूद्ध तरीके से दस्तावेज तैयार कर न्यायालय श्रीमान षष्ठम अपर जिला न्यायाधीश बिलासपुर के न्यायालय में व्यवहार वाद प्रस्तुत किया गया है, जो वर्तमान में लंबित है। मेरे पक्षकार द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की उक्त वर्णित मकान को किसी भी व्यक्ति के पास विक्रय करने हेतु कोई सौदा नही किया है, किन्तु अनिल कुमार आडवानी द्वारा माननीय न्यायालय से स्थगन प्राप्त करने के उद्देश्य से भ्रामक रूप से मेरे पक्षकार के ऊपर उक्त मकान को विकय करने हेतु प्रयासरत है का आरोप लगाते हुये झूठे, मनगढंत, बनावटी, भ्रामक, कपोलकल्पित एवं वास्तविक तथ्यों के विपरीत जाकर आम सूचना का प्रकाशन कराया गया है, जिसका मेरा पक्षकार खण्डन करता है।
दिनांक : 11.03.2025
(कमलेश प्रसाद)
अधिवक्ता
पता-मंगला, आत्मानंद हाईस्कूल के पास वार्ड नं. 13 मंगला, बिलासपुर (छ.ग.)
मो.नं. 9300333064

न्यायालय प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग 1 जिला बिलासपुर (छ.ग.)

समंस

प्रोसेस क्र. 72/2025
उत्तराधिकार प्रकरण क्रमांक 11/2025
पेशी तारीख 15/04/2025
शैलेष दिक्षित....... आवेदक
विरूद्ध
आम जनता+ ....अनावेदकगण
इस न्यायालय में आवेदक शैलेष दिक्षित पिता स्व. शारदा प्रसाद दिक्षित ने अपने पिता स्व. शारदा प्रसाद दिक्षित जिनकी मृत्यु दिनांक 28/10/2003 को हो चुकी है उनके द्वारा सन फार्मास्यूटिकल इण्डस्ट्रीज लि. के 444 नग शेयर क्रय किये गये थे जिसके एवज में जमा अनुमानित राशि 8,36,000/- एवं उस पर प्राप्त होने वाले लाभांश को प्राप्त करने हेतु उत्तराधिकारी घोषित कराने का आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 उत्तराधिकार अधि. के तहत प्रस्तुत किया है। आम जनता जिनका संबंध हो अथवा अन्य किसी को आवेदक के पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र दिये जाने पर कोई दावा/ आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में आगामी सुनवाई तिथि 15/04/2025 को दिन में 11 बजे इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो कोई ऐसा व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। न्यायालय में आपकी उपसंजाती के लिये जो दिन नियत किया गया है, उस दिन आप अपने पक्ष में समस्त दस्तावेज एवं जवाबदावा सहित उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करे। यदि आप उपरोक्त सुनवाई तिथि 15/04/2025 को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो आवेदन पत्र की सुनवाई और उसका निराकरण कर दिया जावेगा। यदि उक्त तिथि...../02/2025 को किन्ही कारणवश अवकाश घोषित किया जाता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस को होगी। आज दिनांक 10/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर व इस न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।
विजेन्द्र सोनवानी
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश
वरिष्ठ श्रेणी- 1 बिलासपुर (छ.ग.)

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं भाष्कर प्रसाद त्रिपाठी उम्र 56 वर्ष पिता श्री भागवत प्रसाद त्रिपाठी, निवासी म.नं. 1469 विवेकानंद नगर फेस-02, मोपका बिलासपुर, थाना सरकण्डा तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) का रहने वाला हूँ। मेरे स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि मौजा मोपका विवेकानंद नगर प.ह.नं. 29, रा.नि.मं. मोपका विकास खण्ड बिल्हा तहसील व जिला बिलासपुर में स्थित है जिसका खसरा नंबर 425/17 रकबा 1377 वर्गफुट है जो सभी संबंधित राजस्व अभिलेखों में मेरे नाम पर दर्ज है। दिनांक 03.10.2024 को किशन लाल बंजारे उम्र 30 वर्ष पिता स्व. नंद कुमार बंजारे, निवासी वार्ड नंबर 48, विवेकानंद नगर फेस-02, वासुदेव कन्वेंसन के सामने मोपका बिलासपुर थाना सरकण्डा तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) वाले से विधिवत इकरारनामा किया था, उक्त भूमि का कुल सौदा 19,00,000/- रू. में किया गया था तथा बयाना के रूप में 15,00,000/- रू. किशन लाल बंजारे से प्राप्त किया था तथा शेष बचत राशि 4,00,000/-रू. रजिस्ट्री के समय प्राप्त करने का इकरारनामा निष्पादित किया गया था। चूंकि अब मैं अपनी उपरोक्त भूमि को क्रेता किशन लाल बंजारे को अपरिहार्य कारणों से विक्रय नही करना चाहता हूँ इसलिए हमारे बीच निष्पादित इकरारनामा दिनांक 03.10.2024 को निरस्त करते हुए क्रेता किशन लाल बंजारे से प्राप्त बयाना राशि 15,00,000/- रू. को बैंक के माध्यम से समयावधि दिनांक 05.03.2025 के पूर्व ही वापस कर चुका हूँ तथा हमारे बीच निष्पादित इकरारनामा दिनांक 05.03.2025 को समाप्त करते हुए उक्त इकरारनामा को निरस्त करने संबंधी सूचना प्रकाशित करा रहा हूँ।
सो सूचना जाने। दिनांक 11.03.2025
भवदीय
भाष्कर प्रसाद त्रिपाठी
पिता श्री भागवत प्रसाद त्रिपाठी
निवासी म.नं. 1469, विवेकानंद नगर, फेस-02, मोपका बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)
मो.नं. 9926533566

न्यायालय- प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी के न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश तखतपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

चंद्रशेखर पाण्डेय विरुद्ध सुधाकर पाण्डेय वर्ग.
प्रो.क्र. 160/2025
व्य.वा.क्र.18अ/2024
पे.ता. 28/03/2025

प्रतिवादीगण की उपस्थिति हेतु समंस

सुधाकर पाण्डेय पिता स्व. रामदत्त पाण्डेय निवासी पाण्डेय ज्वेलर्स सदर रोड तखतपुर, द्वारिका पाण्डेय पिता स्व. रामदत्त पाण्डेय, रविशंकर उर्फ रविकर पाण्डेय पिता बलदाऊ प्रसाद, रत्नाकर पाण्डेय पिता स्व. बलदाऊ प्रसाद सभी निवासी बनियापारा तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. श्रीमती इंदिरा शर्मा पिता स्व. बलदाऊ प्रसाद निवासी रामावैली क्वानं आर/07 20 हाईकोर्ट के पास परसदा तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. श्रीमती सविता पाण्डेय पति अश्वनी शुक्ला ब्राम्हण पारा राजनांदगांव तहसील व जिला राजनांदगांव, श्रीमती सरिता शर्मा पति रमेश तिवारी अधिवक्ता दुर्गा मंदिर के पास ब्राम्हणपारा राजनांदगांव तहसील व जिला राजनांदगांव छ.ग. तारणी बेवा मनोहर, सौरभ पिता स्व. मनोहर, आदित्य पिता स्व. मनोहर पाण्डेय निवासी सीनियर वर्क प्रोजेक्टर डिवीजन वन विभाग बारनवापारा महासमुंद जिला महासमुंद (छ.ग.)
वादी के द्वारा आप लोगों के विरूद्ध इस न्यायालय में स्वत्व की घोषणा एवं स्थायी निषेधाज्ञा का व्यवहार वाद प्रस्तुत किया है जिसमें आपकी उपस्थिति हेतु दिनांक 28.03.2025 को वाद नियत है। आपको समाचार पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि आप नियत पेशी दिनांक 28.03.2025 को न्यायालयीन समय 10:30 बजे स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपना पक्ष रखने हेतु मय दस्तावेज मेरे न्यायालय में उपस्थित होवे। आप लोगों की अनुपस्थिति में आप लोगों का पक्ष समर्थन का अवसर समाप्त करते हुए आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जायेगी। यदि किसी कारण वश उक्त दिनांक को न्यायालय में अवकाश घोषित हो या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो अगले कार्य दिवस में अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।
आज दिनांक 10.03.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मोहर लगाकर जारी किया गया।
कु. श्वेता बघेल
व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी
तखतपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

समक्ष श्रीमान नोटरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)

शपथ पत्र

मैं गुरूबचन सिंह उम्र 76 वर्ष, पिता स्व. सरदार सिंह निवासी- राजधानी टेंट हाउस, राजधानी गली, सीपत चौक सरकंडा, बिलासपुर तह. व जिला बिलासपुर (छ.ग.) का हूं जो निम्न कथन शपथ पूर्वक करता हूं कि:-
1. यह कि, उपरोक्त नाम व पता सत्य व सही है। 2. यह कि, मेरे नाम से पासपोर्ट क्रं. L3282977 है, जिसमें मेरा नाम GURBACHAN SINGH दर्ज हैं, जो त्रुटिपूर्ण है। 3. यह कि, मेरे आधार कार्ड क्रं. 6006 7366 7420 में मेरा नाम GURUBACHAN SINGH दर्ज है, जो कि सत्य व सही है। 4. यह कि, मेरे पासपोर्ट में दर्ज नाम GURBACHAN SINGH के स्थान पर वास्तविक नाम GURUBACHAN SINGH दर्ज किया जावे। 5. यह कि, इस शपथ पत्र के साथ आवश्यक दस्तावेज संलग्न है। 6. यह कि, GURUBACHAN SINGH एवं GURBACHAN SINGH ये दोनों नाम मेरे ही है, किसी अन्य का नाम नहीं है। अतः यह शपथ पत्र उपरोक्त कथनों के समर्थन में संबंधित कार्यालय के सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूं। शपथकर्ता, गुरूबचन सिंह
// सत्यापन //
मैं गुरूबचन सिंह शपथकर्ता शपथ पूर्वक सत्यापित करता हूं, कि शपथ पत्र की कंडिका 01 से 16 तक में वर्णित कथन सत्य एवं सही है, जिसे आज दिनांक 11/03/2025 को स्थान बिलासपुर में पढ़कर समझकर सत्य होना जानकर अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित कर रहा हूं।
शपथकर्ता, गुरूबचन सिंह

न्यायालय नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./ /अ-6/2024-25
पक्षकार :- चन्द्र कुमार पिता स्व. फतनदास...
आवेदक बनाम
अशोक कुमार वाधवानी
पिता स्व. फतनदास .... अनावेदक
एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक चन्द्र कुमार पिता स्व. फतनदास निवासी सहगल सिस्टर गली मसानगंज आजाद नगर बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. ने स्वयं के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला मसानगंज नजूल शीट नं. 20 प्लाट नं. 89 रकबा 1855 व.फु. भूमि स्थित है। आवेदित भूमि वर्तमान नजूल अभिलेख में आवेदक एवं अनावेदक अशोक कुमार वाधवानी पिता स्व. फतनदास के नाम पर संयुक्त रूप से दर्ज है। आवेदक के द्वारा आवेदित भूमि को पंजीकृत बंटवारानामा दिनांक 26.12.2024 के माध्यम नामांतरण करने के लिए छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।
इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वे दिनॉक 26/3/2025 को न्यायालयीन समय में स्वतः उपस्थित होकर अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति/ दावा विचारणीय नही होगा।
आज दिनांक 10/3/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
नजूल अधिकारी
बिलासपुर (छ.ग.)

न्यायालय श्रीमान व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी मुंगेली जिला मुंगेली छ.ग.

मनोज कुमार पाठक वगैरह .....वादीगण
विरूद्ध
पंजाब नेशनल बैंक +1 अन्य
...प्रतिवादीगण
व्यवहार वाद क्रमांक - 10/25
पेशी तारिख - 03.04.2025
प्रोसेस क्रमांक - 214/2025

समंस/नोटिस

आम जनता जो इस प्रकरण से संबंधित है,
इस न्यायालय में वादीगण द्वारा आम जनता जो इस प्रकरण से संबंधित है के विरूद्ध उद्घोषणा का वाद प्रस्तुत किया गया है। जिसमें पेशी तिथि 03.04.2025 को नियत है।
अतः आम जनता जो इस प्रकरण से संबंधित है। आप स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर मय दस्तावेज अपनी प्रतिरक्षा में संबंध दस्तावेज एवं जवाबदावा प्रस्तुत करें अन्यथा आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी, उक्त पेशी तिथि अवकाश होने पर आगामी कार्यदिवस को उक्त प्रकरण की कार्यवाही की जावेगी।
आज दिनांक 05/03/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा लगाकर जारी किया गया है।
जारी तारीख - 05/03/25
स्थान - मुंगेली
(श्वेता ठाकुर)
व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी मुंगेली
जिला-मुंगेली (छ.ग.)

न्यायालय नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. /अ-6/2024-25
पक्षकार :- आयुष वर्मा पिता प्रदीप कुमार वर्मा....
आवेदक
बनाम
मेसर्स श्याम कंस्ट्रक्शन द्वारा भागीदार दीपराज उपाध्याय पिता रामचंद्र उपाध्याय वगैरह...
अनावेदकगण
एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक आयुष वर्मा पिता प्रदीप कुमार वर्मा निवासी हाउस नं. 75 सुरूचि रेस्टोरेंट के पास वार्ड नं. 19 जूनीलाईन बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. ने अधिवक्ता के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला गोड़पारा नजूल शीट नं. 26 प्लाट नं. 103/1, 103/2, 104/1, 104/2, 104/4, 104/6, 104/3, 104/5 रकबा 1898, 552, 1920, 2176, 1960, 2835, 960, 960 व.फु. भूमि शीट नं.27 प्लाट नं. 2/2, 2/1 रकबा 1292,1023 व.फु. भूमि स्थित है। उक्त भूमि पर श्री श्याम सदर सराफा व्यवसायिक परिसर निर्मित है। आवेदक के व्दारा अनावेदकगण मेसर्स श्याम कंस्ट्रक्शन व्दारा भागीदार दीपराज उपाध्याय पिता रामचंद्र उपाध्याय वगैरह से उक्त भूमि पर निर्मित व्यवसायिक परिसर के द्वितीय तल पर दुकान एस-12 रकबा 143.18 व.फु. को पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 14.02.2023 के माध्यम से क्रय कर नामांतरण करने के लिए छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109,110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।
इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वे दिनॉक 7/4/2025 को न्यायालयीन समय में स्वतः उपस्थित होकर अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति/ दावा विचारणीय नही होगा।
आज दिनांक 11/3/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
नजूल अधिकारी
बिलासपुर (छ.ग.)

हरिभूमि

बिलासपुर, बुधवार 12 मार्च 2025

लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255

व्यंकटेश मंदिर में होली फाग उत्सव

सदर बाजार स्थित श्री व्यंकटेश मंदिर में मंगलवार से होली फाग उत्सव प्रारंभ किया गया। इसमें रंगमय होली के गाने नगाड़े की थाप पर गाए गए। अब से होली तक रात्रि 8 से 9 बजे तक प्रतिदिन मंदिर में फाग होगा। होली 14 मार्च को खेली जाएगी। होली के दिन भगवान के घर सुबह 10 बजे से होली उत्सव मनाया जाएगा। शहर के भक्तजन अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर भगवान के इस उत्सव का आनंद ले सकते हैं।

एजुकेशन अपडेट

व्यापमं परीक्षाओं के लिए हर बार नहीं देनी होगी जानकारी

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) द्वारा आयोजित विभिन्न प्रवेश, पात्रता और भर्ती परीक्षाओं के लिए अभ्यर्थियों के प्रोफाइल पंजीकरण की प्रक्रिया अनिवार्य कर दी गई है। व्यापम की नई वेबसाइट को 27 फरवरी 2025 से शुरू किया गया है। जिन अभ्यर्थियों ने पहले से प्रोफाइल पंजीकरण किया हुआ है, उन्हें अपने प्रोफाइल को अद्यतन करना अनिवार्य होगा। अभ्यर्थियों की सुविधा की दृष्टि से प्रोफाइल पंजीकरण की व्यवस्था लागू की गई है, जिससे अभ्यर्थी को अपनी व्यक्तिगत जानकारी बार-बार नहीं भरनी होगी। प्रोफाइल पंजीकरण सिर्फ एक बार करना होगा और इसी प्रोफाइल पर अभ्यर्थी लॉगिन करके ऑनलाइन आवेदन कर करते हैं।

इस तरह होगा अपडेट

अभ्यर्थी को अपना वैध ई-मेल एड्रेस दर्ज करना होगा। यदि कोई अभ्यर्थी दिव्यांग है, तो नए वेबसाइट में उल्लेखित दिव्यांगता के प्रकार का चयन करके प्रोफाइल अपडेट करते हुए दिव्यांगता प्रमाण पत्र का क्रमांक एवं जारी होने का दिनांक भी प्रविष्ट करना अनिवार्य होगा। अभ्यर्थी प्रोफाइल की व्यक्तिगत जानकारी में कोई सुधार करना चाहते हैं, तो नए वेबसाइट में अपने प्रोफाइल लॉगिन में जाकर अनिवार्य रूप से सुधार कर सकते हैं।

होली गीतों संग पिचकारी से निकलेंगे रंग

होली के त्योहार में अब केवल 2 दिन ही बच गए हैं, पर्व के नजदीक आते ही बाजार में रौनक बढ़ने लगी है। रंग, गुलाल और विभिन्न तरह की पिचकारियों से सजे बाजार में खरीदारी के लिए लोग पहुंचने लगे हैं। होली बाजार का रंग अब चढने लगा है, दिनभर बाजार में खरीदारी की जा रही है। इस बार बच्चों को म्यूजिक पिचकारी खूब पसंद आ रही है, यह पिचकारी बैटरी से चलती है, जिसमें खास बात यह है कि पिचकारियों से रंग होली के गानों के साथ निकलेगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

व्यापारी अनुराग केशवानी ने बताया इसमें पांच हिंदी गाने सुनने को मिलेंगे, बच्चों के साथ बड़े भी इस तरह की पिचकारी खरीद रहे हैं, इसकी कीमत 500 रुपए है, बाजार में 5 से 10 लीटर को बड़ी टैक वाली पिचकारी है। जिसकी रेंज 10 मीटर की दूरी पर खड़े व्यक्ति पर रंग डालने की है। ऐसी पिचकारियों को बच्चे खूब पसंद कर रहे हैं। पिचकारियों के नाम भी रोचक तरीके से बार्बी डॉल, मोटू-पतलू, स्टेनगन, मिनी बस आदि रखे गए हैं। इन पिचकारियों के आकार व उन पर लगे पोस्टर छोटे बच्चों को आकर्षित कर रहे हैं।

मुखौटे, नकली बाल और मूंछ की बिक्री

होली के उत्सव को खास बनाने के लिए बाजार में डरावने मुखौटे के साथ नकली बाल और लंची मूंछ आई हुई है, जिसकी मांता इन दिनों बढ़ी हुई है। मुखौटों में लाइट जो लगी हुई है, जो कई रंगों में जलती है। मुखौटे की कीमत 150 से 500 रुपार तक है। इसी प्रकार सायरन, बौन की आवाज वाले गन पिचकारी की भी बाजार में पसंद की जा रही है। इसके अलावा छोटा भीम मिक्की माउस, सुपरमैन वाली अन पिचकारी भी हैं।

हर्बल रंगों से बने गुलाल सिलेंडर

बाजार में होली के रंगों को और गहरा करने गुलाल सिलेंडर आए हैं, जो आग बुझाने वाले सिलेंडर की तरह हैं। इस बार हर्बल रंगों में गुलाल सिलेंडर की मांग है। यह किलो के अनुसार बिक रहा है, सिलेंडर से गुलाल पानी के फुहारे की तरह निकलते हैं। उन्होंने बताया कि होली में विभिन्न फल की खुशबू वाले गुलाल आए हैं। इसमें आम, संतरा, नीबू, अनार अन्य फलों की खुशबू वाले गुलाल शामिल हैं।

होलिका दहन कल : होलिका दहन गुरूवार को शुभ महुर्त में रात्रि को किया जाएगा, इसके लिए मोहल्लों में कई जगह लकड़ी एकत्रित कर जलाने वाली जगहों में खड़ा कर दिया गया है। शहर के कई मुख्य स्थानों में होलिका दहन किया जाएगा, जिसकी तैयारी की जा रही है।

5 से 10 लीटर तक टैंक पिचकारी होली बाजार का चढ़ने लगा रंग खूब हो रही खरीददारी

सम्मान

एसपी ने सीएमडी कॉलेज अध्यक्ष संजय का किया सम्मान

बिलासपुर। सीएमडी कॉलेज के अध्यक्ष डॉ संजय दुबे का सड़क सुरक्षा अभियान में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया है। डॉ संजय दुबे को यह सम्मान समाज सेवा, शिक्षा तथा सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया गया। सम्मान पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह द्वारा प्रदान किया गया। डॉ संजय दुबे ने आयोजकों एवं पुलिस प्रशासन को धन्यवाद दिया और समाज सेवा के अपने प्रयासों को और अधिक विस्तारित करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर एडिशनल एसपी अर्चना झा एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

कार्यक्रम

गोदड़ीधाम से बाबा गेलाराम की निकाली गई शोभायात्रा

बिलासपुर। संत बाबा हरदासराम सेवामंडल, श्री गोदड़ीधाम सिंधी कालोनी में पूज्य ब्रह्म स्वरूप संत बाबा गेलाराम साहब का दो दिवसीय जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। आयोजन के पहले दिन मंगलवार को बाबा गेलाराम साहब के साक्षात रुप की सवारी जिसे हिंगणघाट के सेवदारों ने बनाया है, की रथ में गोदड़ीधाम से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान पूज्य बहराणा साहिब की पूजा-अर्चना कर बाबा की सवारी के साथ बहराणा साहब की शोभायात्रा भी निकाली गई जो कि गोदड़ीधाम से निकलकर बाबा हरदासराम गेट से श्री धन गुरु नानक दरबार, जरहाभाटा मंदिर चौक, संत कंवरराम गेट, श्री आनंदपुर कुटिया दरबार, सिंधी कालोनी, गोधू चौक होते हुए पूज्य पंचायत भवन सिंधी कालोनी में समाप्त हुई।

कान्यकुब्ज ब्राम्हण समाज में फाग का आयोजन

कान्यकुब्ज ब्राम्हण समाज की बैसवारी फाग उत्सव में समाज के अध्यक्ष अरविन्द दीक्षित के निवास में रविवार को फाग का आयोजन हुआ। इस अवसर पर आईजी डॉ. संजीव शुक्ला एवं डॉ. प्रदीप शुक्ला उपस्थित हुए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे।

छात्राओं ने सीखा गुलाल बनाना

माता शबरी कन्या महाविद्यालय की एनएसएस प्रभारी डॉ अर्चना शुक्ला की आग्रह पर विनीता राव और शेफाली घोष ने महाविद्यालय पहुंचकर महाविद्यालय की बालिकाओं को हर्बल गुलाल बनाना सिखाया एवं होली के पहले हर्बल गुलाल बनाकर उनको आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की पहल की। इस प्रशिक्षण से महाविद्यालय के 130 छात्राएं एवं 25 प्राध्यापक लाभान्वित हुईं। अंत में छात्राओं ने इस प्रशिक्षण पर खुशी जताते हुए प्रशिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

स्पेशल बच्चों के साथ मनाई गई होली

शांता फाउंडेशन ने सत्य साई हेल्प वे एवं जस्टिज तनखा मेमोरियल स्कूल में स्पेशल बच्चों के साथ होली मनाई। इस दौरान बच्चों को हर्बल गुलाल बनाना भी सिखा कर उन्हें गुलाल लगाकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। फाउंडेशन के संस्थापक नीरज गेमनानी ने फाउंडेशन में सेवाएं देने वाली महिलाओं का शॉल, श्रीफल एवं गिफ्ट भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर दोनों स्कूल की प्राचार्या, टीचर्स, समस्त स्टाफ, शांता फाउंडेशन परिवार से शांता गेमनानी, कैलाश मलघानी, हीरानंद छुगानी, पवन भोसले, राहुल सिदारा, डी विनीता रॉव आदि उपस्थित थे।

बच्चों को दिए हैप्पी होली किट

दीनबंधु सहयोग संस्था ने भी जरूरतमंद परिवारों के बच्चों के साथ होली मनाई एवं गरीब एवं असहाय बच्चों को गुलाल, पिचकारी, बैलून, बड़ा चोंगा सहित अन्य सामग्री वितरित की। यह पहल उन परिवारों के लिए की गई, जो आर्थिक तंगी के कारण बच्चों को त्योहार की खुशियां नहीं दे पाते हैं। बच्चों के साथ रंग खेलकर समानता, प्रेम का संदेश दिया। इस कार्य में संस्था के संरक्षक आकाश धामेचा एन.आर.आई. कनाडा, प्रवीण मिश्रा, संध्या अग्रवाल प्रांतीय अध्यक्ष अग्रवाल समाज युवा महिला इकाई, संस्था संयोजक दीनदयाल साहू, श्रुति केशरवानी सहित अन्य सदस्यों ने भूमिका निभाई।

राधा सखी की सखियों ने उड़ेले रंग

विद्यानगर स्थित अग्रवाल भवन में राधा सखी परिकर की सखियों ने फाग उत्सव मनाया। सबसे पहले भगवान की पूजा कर उसे रंग अर्पित किया गया। इसके बाद सखियों ने एक-दूसरे को रंग लगाया। वृंदावन की तर्ज पर होली गीत गाकर जमकर रंग उड़ेले गए। इससे माहौल होलीमय बना रहा। इस मौके पर आशा, उषा अग्रवाल, सुनीता, नीतू, सरिता, ममता, अनिता, अलका, सुमन, मुक्ता, माया, सरिता, अन्नू, प्रियंका, रीनू, ईशा, नम्रता, स्मृति, निधि, सीमा सहित अन्य सखियां उपस्थित रहीं।

रील से नहीं, रीयल लाईफ से सीखें

कार्नर न्यूज

हार न मानने की योग्यता ही आपको सफल बनाती है

बिलासपुर। शासकीय माता शबरी नवीन कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। श्रेया सोनी ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. एस. आर. कमलेश ने कहा कि उच्च शिक्षा देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। ज्ञान की क्रांति से देश के संसाधनों का समुचित उपयोग किया सम्भव है।

उन्होंने अपने संबोधन में छात्राओं से अपनी प्रतिभा को उभारने, समस्याओं का मुकाबला करने और लक्ष्य की प्राप्ति के लिए पूर्ण लगन से मेहनत करने की बात कही। पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे अब्दुल कलाम, रामनाथ कोविन्द एवं द्रौपदी मुर्मु के जीवन संघर्षों का उदाहरण देते हुए कहा कि हार न मानने की योग्यता ही आपको सफल बनाती है।

विशिष्ट अतिथि ब्रजेन्द शुक्ला ने कहा कि शिक्षण संस्थान केवल पाठ्यक्रम ही नहीं अन्य सकारात्मक बाते भी सिखाते हैं, जिससे छात्राओं के व्यक्तित्व का विकास होता है। उन्होंने महाविद्यालयीन परीक्षा एवं प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए छात्राओं को प्रतिदिन अखबार पढ़ने, निरंतर अध्ययन करने एवं मोबाईल का उपयोग कम करने की सलाह दी। विशिष्ट अतिथि ने कहा कि निरंतरता एक मानसिकता है, जो सफलता के लिए आवश्यक है। छात्रों को सलाह दी कि रील से नहीं, रीयल लाईफ से सीखें। पुरस्कार वितरण समारोह में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण डॉ. शशिकला सिन्हा, डॉ.आरती सिंह ठाकुर, डॉ. अर्चना शुक्ला, डॉ. डीके शुक्ला, बेला महंत, डॉ. राजकुमार पटेल, डॉ. अनुपा तिर्की, डॉ. ललिता साहू, डॉ. यतिनंदिनी पटेल, डॉ. एस के पटेल, डॉ. दीपिका महोबिया, आनंद कुमार सहित बड़ी संख्या में छात्राओं की उपस्थित रहें।

17 छात्राओं ने प्रावीण्य सूची में बनाया स्थान

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. के. के. भण्डारी ने महाविद्यालयीन गतिविधियों पर आधारित प्रतिवेदन का पठन किया। उन्होनें बताया कि सत्र 2022-23 में महाविद्यालय की 17 छात्राओं ने प्रावीण्य सूची में स्थान बनाया है तथा 6 छात्राओं ने राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में भाग लिया है। प्राचार्य ने महाविद्यालय की छात्राओं को स्वावलम्बन के लिए प्रेरित किया तथा आगामी परीक्षा के लिए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम की संयोजक महाविद्यालय की छात्रसंघ प्रभारी शोभा महिस्वर ने कहा कि हर छात्रा में एक विशेष गुण होता है, हमें उस प्रतिभा को तराशना चाहिए। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. इसाबेला लकड़ा ने किया। महाविद्यालय में सत्र 2023-24 में सर्वोच्च अंक पाने वाले छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। जिनमें अनीलिषा खाखा, एमकॉम की अनामिका देवांगन, एमए अर्थषास्त्र की सुरीला, एमए हिन्दी चंचल सिंह, एमए इतिहास आरती बनर्जी, एमए अंग्रेजी अंकिता टाण्डे, एमए राजनीति प्रीति कुर्रे, एमए समाजशास्त्र पूजा देवांगन पुरस्कृत हुई।

नाटक

गीले, सूखे कचरे को अलग करने दिया गया संदेश

बिलासपुर। स्वच्छता के प्रति आमजन को जागरूक करने और शहर को स्वच्छ-सुंदर बनाने बुधवारी बाजार में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया गया। इसमें शासकीय मल्टीपर्पज हायर सेकेंडरी स्कूल के शिक्षकों, भारत माता स्कूल के मेंटर्स एवं अन्य कर्मचारियों ने भी भाग लिया। निगम आयुक्त अमित कुमार के निर्देशानुसार इस अभियान की शुरुआत की गई है। यह अभियान शहर के प्रमुख बाजारों, सार्वजनिक स्थानों और मोहल्लों में भी चलाया जाएगा। आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के मद्देनजर नगर निगम ने अपनी तैयारियां तेज कर दी है। विभिन्न स्तरों पर प्रयास भी किए जा रहे हैं। स्कूलों, कॉलेजों में जाकर विद्यार्थियों और शिक्षकों को जीरो वेस्ट, कचरे के वैज्ञानिक एवं तय मानकों के अनुरूप निपटान की ट्रेनिंग दी जा रही है।

11-MAR--REGNOL-pg-5 ALTAR_Layout 1 3/12/2025 12:07 AM Page 1

खबर संक्षेप

होली से पूर्व नगाड़ा की थाप पर गूंजे फाग गीत

लोरमी। होली से पूर्व फागुन में टेसू के फूल एवं फाग गीत की परम्परा होली आने का संकेत देती है। नगर के मां महामाया मंदिर के सामने प्रसिद्ध टोलियों ने नगाड़े की थाप पर लोक पारम्परिक फाग गीत की प्रस्तुति देकर होली के मस्ती का आनंद लिया। होली मस्ती और आनंद का त्यौहार है रंगों का त्यौहार है जिसमें विभिन्न रंगों को एक साथ मिलकर एक दूसरे के ऊपर उड़ेलते हैं। मादर की थाप पर विभिन्न गीतों के माध्यम से लोग होली के आनंद में डूबे रहते हैं। फाग गीत गायन की परंपरा आज भी नगर सहित ग्रामीण अंचल मे प्रचलित है। नगर के विभिन्न मोहल्लों में फाग गीत का आयोजन किया जा रहा है। नगर में होली के रंग पिचकारी एवं अन्य सामग्री बिक्री के लिए तैयार है।

लिनेश क्लब, आर्यावर्त महिला समाज ने महिलाओं को किया सम्मानित

गौरेला। महिला दिवस के अवसर पर लिनेश क्लब और आर्यावर्त ब्राह्मण महिला समाज की ओर से महिला सम्मान कार्यक्रम गौरेला के होटल पिनाकी इन में आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी मौजूद रहीं। उन्होंने कहा कि आज महिलाओं को बराबर का सम्मान प्राप्त हो रहा है। हम किसी भी क्षेत्र में किसी से पीछे नहीं हैं। हमें केवल पूरी ईमानदारी के साथ काम करने की जरूरत है। इस अवसर पर अतिरिक्त कलेक्टर नम्रता डोंगरे, एसडीओपी पुलिस निकिता तिवारी ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम की आयोजक लिनेश क्लब की कैबिनेट मेंबर ज्योति दुबे ने सभी का स्वागत कर स्मृति चिन्ह प्रदान किए। इस अवसर पर आर्यावर्त ब्राह्मण महिला समाज की अध्यक्ष और लिनेश क्लब की कैबिनेट अम्बर ज्योति दुबे लिनेश क्लब प्रेसीडेंट मोनी चटोपाध्याय, स्मिता गोर्वधन, शिखा नगाइच, सुमन शर्मा, ज्योति तिवारी, डॉ. सुषमा विश्वास, पार्षद रोशनी शर्मा, राखी गहलोत, रानू नामदेव, रमा राठौर, उमा कात्यानी, प्रियंका अग्रवाल, रोशनी ढ़करिया, अनीता ठाकुर, सरला सिंह, लता कौर, मीनाक्षी शुक्ला, अनीता अग्रवाल, आरती जैन सहित बड़ी संख्या में लिनेश क्लब और आर्यावर्त ब्राह्मण महिला समाज की सदस्य उपस्थित रहीं।

नेहा पब्लिक स्कूल में न्यू फैंसी ड्रेस प्रदर्शन

लोरमी। ग्राम छीतापार स्थित नेहा पब्लिक स्कूल में कक्षा नर्सरी से बारहवीं तक के बच्चों ने फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में अपना जलवा बिखेरा। विद्यालय के बच्चों ने माता सीता, राम-लक्ष्मण, मां दुर्गा, महिसासुर, राधा कृष्ण की विशेष झांकी प्रस्तुत की। इसी तरह बच्चों ने मां दुर्गा, भारत माता, मां सरस्वती, रानी दुर्गावती, किसान, डॉक्टर, पुलिस अफसर सहित भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू, भारत के संविधान निर्माता डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर, मदर टेरेसा, भारत की प्रथम शिक्षिका सावित्री बाई फुले आदि का रूप धारण कर उनके बारे में संक्षिप्त जानकारी प्रस्तुत कर लोगो का मन मोह लिया। कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागी बच्चों को संचालक सुनील लहरे ने पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में शिक्षिका रचना घृतलहरे, अन्नु दिवाकर, मोहनिस राज रात्रे ने विशेष सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अजय टंडन आभार अर्जुन डाहिरे ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावक एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने किया नशामुक्ति केंद्र का निरीक्षण

मुंगेली। अपर कलेक्टर जीएल यादव और समाज कल्याण विभाग के उप संचालक एपी गौतम के द्वारा जिले में संचालित एकीकृत पुनर्वास केंद्र नशा मुक्ति केन्द्र रामगढ़ का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नशा मुक्ति केंद्र के संचालक कमल यादव से केंद्र में हितग्राहियों की संख्या के बारे में जानकारी लेते हुए उचित उपचार, योग, भोजन-व्यवस्था, साफ-सफाई, बिजली, पानी आदि का अवलोकन किया। निरीक्षण में पहुंचे अपर कलेक्टर जीएल यादव ने हितग्राहियों से चर्चा कर उनका हाल चाल जानते हुए केंद्र में मिल रही सुविधाओं के बारे में जाना। सभी कर्मचारियों से अवगत होकर उनके कार्यों के विषय मे जानकारी ली और केंद्र के विभिन्न पंजियों का अवलोकन किया। नशा मुक्ति केंद्र का प्रचार-प्रसार और केंद्र को सुजज्जित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए केंद्र की सुविधाओं की सराहना की। इस दौरान संस्था संचालक कमल यादव, राजाराम यादव, शत्रुहन लाल साहू, गेंदराम साहू, रूपेंद्र यादव, दामिनी बंधे, पूर्णिमा यादव, कमलेश्वर निर्मलकर, करन गोंड, आदित्य, अनिता कुम्हार सहित केंद्र के हितग्राही उपस्थित रहे।

मुंगेली जिपं की कुर्सी पर भाजपा का कब्जा, श्रीकांत अध्यक्ष एवं लोरमी क्षेत्र की शांति उपाध्यक्ष चुनी गईं

निर्विरोध निर्वाचित हुए बीजेपी के प्रत्याशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सदस्यों के साथ भाजपा नेता।

जिला पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पर भाजपा ने निर्विरोध जीत दर्ज की। श्रीकांत पाण्डेय अध्यक्ष एवं लोरमी क्षेत्र की शांति देवचरण भास्कर उपाध्यक्ष चुनी गईं। ज्ञात हो कि जिला पंचायत में कुल 12 क्षेत्र हैं जिनमें से 11 में भाजपा के अधिकृत प्रत्याशियों ने विजय पाई वहीं एक एक सीट पर अन्य ने जीत दर्ज की।

मंगलवार सुबह 11 बजे नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ हुई एवं निर्धारित समय तक भाजपा के श्रीकांत पाण्डेय के रूप में मात्र एक आवेदन दाखिल किया गया। एक ही नामांकन होने के कारण श्रीकांत पाण्डेय को निर्वाचन अधिकारी जीएल यादव ने निर्विरोध अध्यक्ष चुना। इसी तरह जिला पंचायत उपाध्यक्ष पद के चुनाव में भी एक ही नामांकन शांति देवचरण भास्कर के रूप में दाखिल किया था। एक ही नामांकन दाखिल होने के कारण शांति देवचरण भास्कर को निर्विरोध उपाध्यक्ष निर्वाचित किया गया। निर्वाचन अधिकारी जीएल यादव ने विजयी प्रत्याशियों को निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया। इसके पश्चात कलेक्ट्रेट से विजय जुलूस निकाला गया, जो जिला भाजपा कार्यालय पहुंचकर समाप्त हुआ। विधायक पुन्नूलाल मोहले ने भाजपा के दोनों पदों पर निर्विरोध जीत को भाजपा के केंद्र व राज्य सरकार की नीतियों एवं उनके क्रियान्वयन को प्रमुख आधार बताया। साथ ही उप मुख्यमंत्री अरुण साव, केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, विधायक धरमलाल कौशिक के मार्गदर्शन में हुई जीत बताया। नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय ने इस जीत को भाजपा कार्यकर्ताओं, नेताओं और जनता की जीत निरूपित किया। उन्होंने केंद्र व राज्य प्रमुख योजनाओं और उनका समय पर क्रियान्वयन को प्रमुख आधार बताया। भाजपा जिलाध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी, पूर्व सांसद लखनलाल साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष शांति भास्कर ने इस ऐतिहासिक जीत का श्रेय भाजपा सरकार की नीतियों, योजनाओं व कार्यकर्ताओं की मेहनत को दिया। इस अवसर पर विधायक पुन्नूलाल मोहले, चुनाव प्रभारी प्रहलाद रजक, पूर्व सांसद लखनलाल साहू, जिलाध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी, पूर्व अध्यक्ष शैलेश पाठक, गिरीश शुक्ला, केदार सिंह परिहार, सुनील पाठक, रवि शर्मा, गुरमीत सलूजा, विनय साहू, मुंगेली जनपद अध्यक्ष रामकमल सिंह, लोरमी जनपद अध्यक्ष वर्षा सिंह, लोकनाथ सिंह, डॉ सुरेश केशरवानी, मानस प्रताप सिंह, रामावतार पाण्डेय, विनय पाण्डेय, पवन पाण्डेय, मोहन भोजवानी, संजय वर्मा, जयप्रकाश मिश्रा, कोटूमल दादवानी, मिट्ठूलाल यादव, नंदकुमार सिंह, राकेश साहू, देवचरण भास्कर, उमाशंकर साहू, रजनी मानिकलाल सोनवानी, अनिता कोमल साहू, समुंद सिन्द्राम, रत्ना संजय काठले, कुंती उदय जायसवाल, संतोषी परमेश्वर ठाकुर, अनिला देवेंद्र राजपूत, अम्बालिका साहू, सोम वैष्णव, राजीव श्रीवास, सुखचंद साहू, नागेश्वर जायसवाल, सहित मुंगेली, लोरमी, पथरिया, जरहागांव, सेतगंगा आदि क्षेत्र के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

शरद बने नपा उपाध्यक्ष, 6 वोटों से विजयी हुए

पेंड्रा। नगरीय निकाय निर्वाचन के तहत पेंड्रा नगर पालिका में उपाध्यक्ष पद का चुनाव हुआ जिसमें भाजपा के शरद गुप्ता ने चुनाव जीत हासिल की। शरद ने कांग्रेस के पारस चौधरी को भाजपा के शरद गुप्ता ने 6 वोटो से हराया। शरद गुप्ता को 11 वोट मिले तो वहीं पारस चौधरी को 5 वोट मिले। शरद गुप्ता की जीत से भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में जश्न का माहौल था। अपनी जीत के बाद मीडिया से बात करते हुए नव निर्वाचित उपाध्यक्ष शरद गुप्ता ने कहा कि यह जीत जनता की जीत है, नगर में रुके हुए कार्य पूरे होंगे, और नगर में विकास पहली प्राथमिकता रहेगी। शरद गुप्ता की जीत को भाजपा पर्यवेक्षक रजनीश सिंह ने जनता, पार्षद और भारतीय जनता पार्टी की जीत बताया है।

जिपं अध्यक्ष का दशरंगपुर में स्वागत

धरमपुरा। मुंगेली जिला पंचायत अध्यक्ष पद के लिए श्रीकांत पाण्डेय निर्विरोध जिला पंचायत अध्यक्ष चुने गए। जिला पंचायत अध्यक्ष बनने के बाद गृह ग्राम दशरंगपुर आगमन पर ग्रामवासियों एवं उनके शुभ चिंतकों समर्थकों ने गुलाल लगाकर आतिशबाजी कर मिष्ठान वितरण कर खुशियां मनाई। इस मौके पर पवन पाण्डेय पूर्व जनपद उपाध्यक्ष,केशव साहू मदन रामप्रसाद साहू वीरेंद्र साहू तारकेश्वर सिंह अमरचंद शर्मा रामकुमार यादव हरदेव साहू संजय पाण्डेय लोचन साहू मुकेश शर्मा सहित अन्य जन उपस्थित रहे।

सरगांव का इतिहास बरकरार, कांग्रेस की क्रॉस वोटिंग ने बनाया भाजपा का उपाध्यक्ष

सरगांव। कांग्रेस का गढ़ कहा जाने वाली नगर पंचायत सरगांव में भारतीय जनता पार्टी ने एक और बड़ा झटका देते हुए नगर उपाध्यक्ष का पद अपने नाम कर लिया है। नगर पंचायत ने इस बार फिर अपना इतिहास दोहराया है। कांग्रेस के क्रॉस वोटिंग ने भाजपा को उपाध्यक्ष बनाने में मदद पहुंचाई।

हरिभूमि ने पहले ही क्रॉस वोटिंग की संभावना जताई थी। नगर में भारतीय जनता पार्टी ने राजकुमारी रामकुमार कौशिक तथा कांग्रेस ने निर्दलीय पार्षद कृष्णा साहू को अपना उम्मीदवार बनाया था। उपाध्यक्ष पद के लिए बहुमत का आंकड़ा 9 था। नगर पंचायत सरगांव में भाजपा तथा कांग्रेस के 7-7 पार्षद जीतकर आए थे।

हरिभूमि ने पहले ही जताई थी संभावना

■ भाजपा की राजकुमारी बनीं उपाध्यक्ष

निर्दलीय प्रत्याशी ने कांग्रेस का समर्थन किया तथा नगर अध्यक्ष परमानंद साहू भाजपा की तरफ से मतदाता बने। इसके बाद दोनों पार्टियों के पास 8-8 का आंकड़ा था। नगर की दोनों पार्टियों में जोड़-तोड़ की राजनीति अपने चरम पर थी। भारतीय जनता पार्टी कांग्रेस पार्षदों को तोड़ने में सफल हुई और नगर उपाध्यक्ष का पद राजकुमारी रामकुमार कौशिक के रूप में अपने नाम कर लिया। भाजपा ने बहुमत के 9 वोट तथा कांग्रेस ने 7 वोट प्राप्त किए। कांग्रेस के किसी एक पार्षद ने क्रॉस वोटिंग करते हुए भाजपा को अपना मत दे दिया।

जहां चाह वहां राह

जहां चाह वहां रहा। कांग्रेस के नेताओं को समझ में आ गया कि नगर का विकास सिर्फ भाजपा ही कर सकती है। उनके समर्थन के लिए उनका धन्यवाद।

-परमानंद साहू, नगर अध्यक्ष, सरगांव।

अब पारदर्शिता के साथ हर विभाग में हो रहा चयनः धरमलाल

सरगांव। उज्जवल भविष्य के निर्माण के लिए लक्ष्य की ओर आगे बढ़ते हुए सफलता प्राप्त करने के लिए इमानदारी के साथ कड़ी मेहनत की आवश्यकता है, सफल होने के लिए कोई शार्ट कट रास्ता नहीं है। अब पारदर्शिता के साथ हर विभाग में चयन हो रहा है, किसी की शिफारिश की जरूरत नहीं है। आप आगे बढ़ते रहें आपका भविष्य उज्जवल हो उक्त बातें क्षेत्रीय विधायक धरमलाल कौशिक ने संत शिरोमणि महाविद्यालय सरगांव में वार्षिक पुरस्कार एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में कहीं। जनभागीदारी समिति अध्यक्ष कैलाश सिंह ठाकुर ने कहा कि महाविद्यालय के बच्चे पढ़ाई पूरी कर आत्मनिर्भरता के साथ अपने सपने पूरे करने में कामयाब हो रहे हैं, जो सरगांव क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। मंडल अध्यक्ष पोषण यादव ने कहा कि महाविद्यालय में शिक्षा के साथ खेलकूद सांस्कृतिक व अन्य विधाओं में निपुण छात्र-छात्राओं को अपनी प्रतिभा को निखारने का मंच प्रदान कर रहे हैं, जिससे बच्चे अपने कैरियर का निर्माण कर सकते हैं। अतिथियों का शाल व श्रीफल से प्राचार्य डॉ मुक्ता दुबे ने स्वागत किया। मंच संचालन डॉ स्वाति तिवारी व आभार अमन कुमार टोप्पो ने किया।

आत्मानंद संविदा शिक्षक संघ ने सौंपा सीएम व राज्यपाल के नाम ज्ञापन

मुंगेली। स्वामी आत्मानंद संविदा शिक्षक एवं कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष उमाशंकर साहू के नेतृत्त्व में मुंगेली विकासखंड अंतर्गत कार्यरत संविदा शिक्षक एवं कर्मचारियों ने दो सूत्रीय मांग को लेकर राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम ध्यानाकर्षण ज्ञापन सौंपा।

जिला अध्यक्ष माशंकर साहू ने बताया कि राज्य में 751 आत्मानंद विद्यालय संचालित है, जिसमें आर्थिक वर्ग से कमजोर परिवार के प्रतिभाशाली एवं जरूरतमंद लगभग 5 लाख छात्र अध्यनरत हैं। उन्हें पढ़ाने-लिखाने में लगे शिक्षक एवं कर्मचारी विगत 5 वर्ष से पूर्व में निर्धारित एक मुश्त मानदेय पर संविदा कर्मचारी के रूप में ईमानदारी एवं निष्ठापूर्वक अपनी सेवाएं नियमित शिक्षक कर्मचारियों की भांति दे रहे हैं। ज्ञात है कि राज्य शासन द्वारा सभी संविदा कर्मचारियों के वेतन में 27 प्रतिशत वृद्धि करने का आदेश दिया गया है। परन्तु उक्त आदेश का लाभ आत्मानंद में कार्यरत संविदा कर्मचारियों को नही मिल पा रहा है। साथ ही तत्कालीन शिक्षा मंत्री ने विधानसभा में उक्त विद्यालयों के संचालन समिति को भंग कर शिक्षा विभाग में संविलन करने की घोषणा की थी, जिस पर आज तक अमल नहीं हो पाया है।

सौहार्द्र पूर्ण एवं सुरक्षित होली मनाने प्रशासन ने की तैयारियां

शांति समिति की बैठक में शामिल ग्रामीण।

भर्रीडांड़। होली का पर्व सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में मनाने हेतु पुलिस प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियां की गई हैं। पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशानुसार सभी थाना क्षेत्रों में शांति समिति की बैठकें आयोजित की गईं, जिनमें नागरिकों एवं संबंधित अधिकारी शामिल हुए।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ओम चंदेल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारियों एवं अनुविभागीय पुलिस अधिकारियों ने बैठक का संचालन किया। बैठक में नागरिकों से अपील की गई कि होली को पारंपरिक एवं शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं तथा शराब के नशे में वाहन न चलाएं। मुखौटों का उपयोग न करें, मुख्य सड़कों एवं सार्वजनिक स्थानों पर अवरोध उत्पन्न न करें। इसके अलावा, शराब के नशे में झगड़े व हुड़दंग करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की बात कही गई। साथ ही पुलिस प्रशासन द्वारा सभी धर्म स्थलों एवं संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती जाएगी।

इस दौरान पुलिस बल की तैनाती बढ़ाई जाएगी तथा विशेष पेट्रोलिंग की व्यवस्था की जाएगी, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न हो।

असामाजिक तत्वों पर रखी जाएगी नजर

शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध शराब विक्रेताओं एवं नशीले पदार्थों के कारोबारियों पर विशेष अभियान चलाया जाएगा। गुंडा एवं असामाजिक तत्वों की निगरानी बढ़ाई जाएगी तथा संदिग्ध व्यक्तियों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जाएगी।

लगातार आठवीं बार चैंपियन बना पेंड्रा डाइट

पेंड्रा। डाइट पेंड्रा में 6 से 8 मार्च तक तीन दिवसीय अंतर्क्षेत्रीय साहित्यिक सांस्कृतिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें डाइट अंबिकापुर, डाइट जांजगीर, डाइट जशपुर, डाइट धरमजयगढ़, डाइट कोरिया, डाइट कोरबा, डाइट पेंड्रा एवं बीटीआई बिलासपुर के 15 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

प्रतियोगिता में वॉलीबॉल, बैडमिंटन, दौड़, लंबी कूद, भाला फेंक, वाद विवाद, तात्कालिक भाषण, फैंसी ड्रेस आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। एकल नृत्य में प्रीति सिंह तृतीय स्थान, फैंसी ड्रेस में वंदना द्वितीय स्थान, 100 मीटर दौड़, लंबी कूद में अविनाश एक्का प्रथम स्थान, 200 मीटर दौड़ में रूपेंद्र द्वितीय स्थान, गोला फेंक बालिका में पुष्पा द्वितीय स्थान, तवा फेक बालिका में वंदना तृतीय स्थान, एकल बैडमिंटन बालिका में किरण प्रथम स्थान, युगल बैडमिंटन बालिका में किरण वंदना प्रथम स्थान, वाद-विवाद प्रतियोगिता में ईश्वर प्रथम स्थान, तात्कालिक प्रतियोगिता में ईश्वर द्वितीय स्थान सहित अकादमी प्रतियोगिताओं में बेस्ट प्रैक्टिसेज नवाचार में विकास वर्मा प्रथम स्थान, बैडमिंटन युगल पुरुष बनमाली वासुदेव, प्रद्युम्न तिवारी प्रथम स्थान, बैडमिंटन एकल पुरूष बनवारी वासुदेव द्वितीय स्थान, बैडमिंटन एकल महिला शांति ओट्टी प्रथम, बैडमिंटन युगल महिला शांति ओट्टी, स्वप्निल पवार प्रथम, गायन प्रतियोगिता स्वप्निल पवार ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सभी प्रतियोगिताओं में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर डाइट पेंड्रा ने सर्वाधिक अंक प्राप्त कर लगातार आठवें साल डाइट पेंड्रा चैंपियनशिप ट्रॉफी प्राप्त किया। प्रतियोगिता के समापन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि गर पालिका अध्यक्ष राकेश जालान उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पीजीबीटी बिलासपुर की प्राचार्य मीता मुखर्जी ने की।

शांतिपूर्वक होली मनाने ली गई बैठक

सेतगंगा-मुंगेली। फास्टरपुर थाना क्षेत्र के सभी ग्राम सरपंच, कोटवारों एवं ग्राम के प्रतिष्ठित व्यक्तियों, व्यापारियों की 11 मार्च को थाने में बैठक ली गई। पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवनीत कौर छाबड़ा एवं एसडीओपी मयंक तिवारी के निर्देशानुसार बैठक में होली त्यौहार शांतिपूर्वक एवं आपसी भाईचारे के साथ मनाने की हिदायत दी गई एवं उच्च अधिकारियो के दिशा-निर्देशों की जानकारी दी गई। जुआ, सट्टा, शराब की सूचना देने एवं साईबर ठगी से बचने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

जनसमस्याओं के निराकरण पर दिया जोर

कलेक्टर ने की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा, दिए आवश्यक निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीपीएम

अफसरों की बैठक लेते कलेक्टर।

कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी ने अरपा सभा कक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन और जनसमस्याओं एवं शिकायतों के निराकरण की विभागवार समीक्षा की।

उन्होंने किसानों को विभिन्न विभागों की योजनाओं और न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कृषि उत्पादों के विपणन के लाभ के लिए एक ही पहचान पत्र बनाने की योजना के तहत राजस्व, कृषि एवं सहकारिता विभाग को समन्वय से 31 मार्च तक जिले के सभी कृषि भूमि धारक का कृषि भूमि पहचान पत्र एवं फार्मर आईडी बनाने के निर्देश दिए। इसके लिए कार्य योजना बनाकर सभी ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित करने, मुनादी कराकर शिविर लगने की जानकारी देने तथा शिविर में किसानों की उपस्थिति सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 में की जा रही विभिन्न गतिविधियों के दौरान भी किसानों का कृषि भूमि पहचान पत्र एवं फार्मर आईडी बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा के दौरान सभी जनपद सीईओ को मैदानी क्षेत्रों का भ्रमण कर निर्माणाधीन प्रधानमंत्री आवासों को 31 मार्च तक पूर्ण कराने और स्वीकृत हो चुके अप्रारंभ आवासों को शीघ्र प्रारंभ कराने को कहा। उन्होंने मनरेगा के तहत बन रहे शासकीय उचित मूल्य दुकानों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों को 31 मार्च तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ग्राम पंचायत नेवसा, सारबहरा, कुदरी, बारीउमराव, मरवाही एवं गुल्लीडांड़ में निर्मित हो रहे फिकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट एवं प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट में शीघ्रता से विद्युत कनेक्शन के लिए कार्यपालन अभियंता विद्युत विभाग को निर्देश दिए। उन्होंने स्कूली बच्चों का आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, अपार आईडी, प्रधानमंत्री पोषण शक्ति अभियान के तहत मध्यान्ह भोजन एवं नेवता भोज, सभी बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं सिकलिंग जांच कराने के साथ ही मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना की जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिए। कलेक्टर ने डिलवरी आर्डर करने के बाद उपार्जन केन्द्रों से धान उठाव में तेजी लाने और मिलिंग के बाद राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के गोदामों में लक्ष्य के अनुरूप चावल जमा कराने के निर्देश दिए।

होली पर मुस्तैद रहेगी पुलिस, आसामाजिक तत्वों पर होगी

तखतपुर। होली पर्व को लेकर तखतपुर थाने में तहसीलदार पंकज सिंह की उपस्थिति में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। थाना प्रभारी देवेश कुमार राठौर ने कहा कि होली पर्व आपसी सौहार्द्र एवं भाईचारे का पर्व है परंतु कुछ लोगों के कारण इस दिन माहौल बिगड़ जाता है। लोगों को पर्व मनाने में किसी तरह की कोई असुविधा न हो इसके लिए पुलिस मुस्तैद है। होली की पूर्व संध्या से ही पुलिस गश्त शुरू कर देगी, इतना ही नही दुपहिया वाहन में तीन सवारी चलने वाले, प्रेशर हार्न का उपयोग करने वाले, मुखौटा लगाकर वाहन चलाने वाले एवं नशे के साथ वाहन चलाने पर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस पुराना बस स्टैण्ड, महामाया चौक, टिकरीपारा, बेलसरी, देवांगन मोहल्ला, जनकपुर सहित अन्य प्रमुख जगहों में पुलिस हमेशा गश्त करते रहेगी। होली के दौरान किसी भी व्यक्ति को उसकी मर्जी के खिलाफ रंग लगाने पर भी कार्रवाई की जाएगी।

एसडीएम ने की सौहार्द्रपूर्ण होली मनाने की अपील

पथरिया। होली को लेकर मंगलवार को थाना परिषर में एसडीएम बीआर ठाकुर और थाना प्रभारी रघुवीर चंद्र की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। एसडीएम ने कहा कि रंगों का त्योहार होली भाईचारा स्थापित करने का त्योहार है। होली को हर कोई भाईचारे के साथ मनाए। साथ ही डीजे साउंड चलाने पर प्रशासन द्वारा प्रतिबंध लगा दिया गया। वहीं त्यौहार के दिन नदी एवं एनिकट पर नहाने पर रोक लगा दी गई है। थाना प्रभारी ने बैठक मे आए जनप्रतिनिधियों से चर्चा कर होली के पर्व को क्षेत्र मे शांतिपूर्ण मनाने की अपील की। साथ ही संवेदनशील जगहों पर पुलिस की निगरानी रखने की बात कही। उन्होंने बताया कि गश्ती दल नियुक्त किए जाएंगे एवं सोशल मीडिया के माध्यम से अफवाह फैलाने वालों पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। कोई भी बात पोस्ट करने से पहले तथ्यों की जांच कर लें। असामाजिक तत्वों पर पुलिस की निगरानी रहेगी।